53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 25.8°c
अधिकतम 32.2 °c

**अमृतवाणी**
त्याग ही करना है अगर
तो अपने दिल से नफरतों
का त्याग करो।

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606
संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा
रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

देश की सुरक्षा के लिए संकट पैदा करने वाले को जहन्नुम का टिकट दे दिया जाएगा : योगी



उसके लिए तमाम इंतजामात हैं......

सूर्योदय - 5:19, सूर्यास्त - 7:22 | वर्ष : 53/ अंक : 170 | शनिवार, 21 जून 2025 | आषाढ़, कृष्ण पक्ष, दशमी | सम्वत् 2082 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

AMMCO BANK
आदर्श महिला मर्केन्टाईल कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड
अपने सपनों की शुरुआत करें!

अब चाँदी लोन भी
पहली बार @9.99%*



आसान EMI
कम ब्याज दर
सरल प्रक्रिया

हर सपना, हर ज़रूरत – अब एक दरवाज़ा
AMMCO



होम लोन
8.10%*
तुरंत प्रोसेसिंग
लंबी अवधि की सुविधा



कार लोन
8.75%*
तेज़ अप्रूवल
तुरंत राशि



गोल्ड लोन
9.50%*
तुरंत मंज़ूरी
पारदर्शी और सुरक्षित प्रक्रिया



होम इंटीरियर लोन
9.50 %*
EMI पर रिनोवेशन
सस्ती दरों पर स्मार्ट फ़ाइनेंसिंग

*शर्तें लागू

आदर्श महिला मर्केन्टाईल कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड
मुख्य कार्यालय: 27 ए/1, नई मंडी, मुजफ्फरनगर 251001

ऋण सेवा
अवसर सबको AMMCO

हमारी शाखाएँ : नई मंडी • रामपुरी • अलमासपुर • महावीर चौक़ • भगत सिंह रोड
96900 12432 / 96900 12434

53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

वर्ष : 53/ अंक : 170 शनिवार, 21 जून 2025 आषाढ़, कृष्ण पक्ष, दशमी सम्वत् 2082 मूल्य 3 रुपये 

# अवैध संबंध पड़े ममता पर भारी, मां ने प्रेमी के साथ मिलकर की मासूम बच्चों की हत्या

**भोपा, 20 जून (बु.)।** तेरी उंगली पकड़ के चला, ममता के आंचल में पला मां ओ मेरी मां। ये शब्द एक फिल्मी गीत के ही नहीं मां और औलाद के रिश्ते को बताते हुए मन के भाव हैं, लेकिन भोपा थाना क्षेत्र के गांव रुड़कली तालाब अली में एक कलियुगी मां ने ममता के रिश्ते को तार-तार करते हुए अवैध संबंधों के चलते प्रेमी के साथ मिलकर अपनी ममता का गला घोंट दिया और अपने दो मासूम बच्चों को मौत के घाट उतार दिया। मृतक बच्चों के पिता ने अपनी पत्नी सहित उसके प्रेमी पर मासूम बच्चों की हत्या का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। भोपा पुलिस आरोपियों की धरपकड़ में जुट गई है।

**खुलासा**





भोपा थाना क्षेत्र के गांव रुड़कली तालाब अली में बीते गुरुवार को दो मासूम बच्चों पांच वर्षीय अरहान और एक वर्षीय अयाना के मृत अवस्था में मिलने के बाद सनसनी फैल गई थी। सूचना के बाद पुलिस और उच्चाधिकारी मौके पर पहुंचे थे और काफी जद्दोजहद के बाद दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा सका था। घटना के समय मृतक मासूमों का पिता वसीम वेल्डिंग का काम करने चंडीगढ़ में गया हुआ था। हादसे की सूचना पर देर रात वापस लौटे पिता ने अपनी पत्नी मुस्कान और उसके प्रेमी जुनैद के अवैध संबंधों की कहानी बयां की, तो मामले की सारी गुत्थी सुलझ गई। वसीम ने बताया कि उसकी शादी लगभग छह साल पहले ककरौली थानाक्षेत्र के गांव तेवड़ा निवासी रिश्तेदार मुस्कान के साथ हुई थी। शादी से पूर्व ही मुस्कान के संबंध खेड़ी फिरोजाबाद निवासी जुनैद से थे। शादी के बाद भी मुस्कान लगातार जुनैद के संपर्क में रहती थी और पुत्र अरहान के पैदा होने के बाद उसके साथ फरार हो गई थी। रिश्तेदारों के दबाव के बाद वह वापस आ गई थी, जिस पर उसने बेटे का वास्ता देकर उसे पुराना रिश्ता भूल जाने को कहा था। वह काम के सिलसिले में अक्सर बाहर रहता था, जिसका फायदा उठाकर उसके पीछे घर आकर जुनैद लगातार मुस्कान के संपर्क में रहता था। पुत्री अनाया के जन्म के बाद भी मुस्कान जुनैद के साथ ही रहना चाहती थी, लेकिन जुनैद बच्चों को साथ नहीं रखना चाहता था, जिसके चलते दोनों ने बच्चों को रास्ते से हटाने की ठान ली थी। वसीम ने बताया कि वह काम के सिलसिले में बीते सोमवार को चंडीगढ़ चला गया था, जिसके बाद उसकी गैर मौजूदगी का फायदा उठाकर जुनैद उसके घर पर आ गया और दोनों ने किसी खाने की चीज में जहर मिला कर दोनों बच्चों को खिला दिया, जिससे दोनों मासूम बच्चों की मौत हो गई। पुलिस ने वसीम की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मुस्कान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं हत्यारोपी प्रेमी ककरौली थाना क्षेत्र के गांव खेड़ी फिरोजाबाद निवासी जुनैद की धर-पकड़ के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

**❑ खाने में जहर मिलाकर संदूक में छुपा दी खाली कीटनाशक की शीशी**

**भोपा।** सूत्रों के अनुसार कलयुगी मां मुस्कान और उसके प्रेमी जुनैद ने बच्चों के खाने में कीटनाशक मिला दिया और बच्चों को खाना खिलाने के बाद जुनैद वहां से निकल गया। उसके जाने के बाद शातिर मुस्कान ने कीटनाशक की खाली शीशी को संदूक में छुपा दिया और पति को फोन कर बच्चों के अचानक बेहोश होने की कहानी सुना दी।

**❑ वसीम ने ससुराल से मंगाई थी अनाज में रखने की कीटनाशक**

**भोपा।** चंडीगढ़ में काम करने वाला वसीम शनिवार को घर पर आया, तो मुस्कान ने उससे अनाज में रखने के लिए कीटनाशक लाने को कहा। मुस्कान के खतरनाक इरादों से बेखबर वसीम कीटनाशक लेने बाजार में गया, तो दुकानदारों ने उसे कीटनाशक देने से मना कर दिया, जिस पर उसने अपनी ससुराल में संपर्क किया और वहां से कीटनाशक की शीशी मंगवाई थी। उसे क्या पता था कि यही कीटनाशक उसके बच्चों की मौत की वजह बन जाएगा।

**❑ मासूमों को किया गया सुपुर्दे खाक, गांव में नहीं जले चूल्हे**

**भोपा।** कलयुगी मां के अवैध संबंधों की भेंट चढ़े मासूम बच्चों के शवों को पोस्टमार्टम के बाद शुक्रवार तड़के गांव में लाया गया, तो हजारों आंखों में आंसू और हत्यारिन मां के खिलाफ गुस्सा साफ-साफ दिखाई दिया। गमगीन माहौल में दोनों मासूमों के शवों को सुपुर्दे खाक किया गया। गुरुवार को घटित इस दुःखद घटना के बाद गांव के बहुत से घरों में चूल्हे नहीं जले और ग्रामीण रिश्तों को कलंकित करने वाली घटना इसी के बारे में चर्चा करते रहे।

# अगर भगवान जिंदा है तो इन दोनों को कभी माफ ना करना...



**24 वर्षीय अमन पाल की राम राम और दे दी जान**

**सोशल मीडिया पर लिखा मौत का कारण और कर ली आत्महत्या**

**मुजफ्फरनगर, 20 जून (बु.)।** मुजफ्फरनगर के बामनहेड़ी रेलवे स्टेशन की पटरी से पुलिस ने एक युवक का शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। युवक की शिनाख्त अमनपाल निवासी रामपुरी के रूप में हुई है। मामले की अधिक जानकारी ली गई तो आत्महत्या की बड़ी वजह सामने आई। युवक द्वारा सोशल मीडिया पर मौत से पहले एक दर्दभरी लाइनें लिखी और ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी। आए दिन देखने को मिलता है कि लोगों में तनाव इतना बढ़ जाता है कि मौत को गले लगा लेते हैं, रह जाते हैं तो सिर्फ उनके द्वारा कोई ना कोई संदेश, जिसके पीछे छिपा होता है कोई ना कोई गहरा राज। नगर कोतवाली क्षेत्र के रामपुरी निवासी 24 वर्षीय अमन पुत्र रविंद्र के साथ भी कुछ ऐसा ही देखने को मिला। अमन अब इस दुनिया में नहीं है। पुलिस ने उसका शव रेलवे ट्रैक से बरामद किया है। रेलवे ट्रैक पर ट्रेन के आगे कूदकर अमन ने अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली, लेकिन जाते-जाते अमन अगर कुछ पीछे छोड़ गया, तो वो है गहरा राज, जिसने सबको चौका दिया। मरने से पहले अमन ने अपने फेसबुक के स्टेट्स पर लिखा "मेरी मौत का कारण ये लड़की और मेरी चाची है। इन दोनों ने मिलकर मेरा जीवन नर्क बना दिया है। अपने आप को माफ नहीं कर पा रहा हूं। मां मैं इसी वजह से दूर हो गया सबसे। अगर भगवान जिंदा है, इस दुनिया में इन दोनों को कभी माफ ना करना। राम राम" अमन के ये आखिरी शब्द राम राम पर समाप्त जरूर हुए, लेकिन उसे पहले जिस प्रकार अमन ने अपने दर्द भरी दास्ता को लिखा, उसको पढ़कर हर कोई सहज उठेगा, क्योंकि इन शब्दों को लिखते हुए अमन ने बहुत कुछ सोचा समझा और आखिर में भगवान से इंसाफ की उम्मीद में सबको राम राम कहकर, इतना बड़ा कदम उठाया। अब ऐसे में इसके पीछे की ओर कहानी क्या थी, ये तो पुलिस की जांच में सामने आ पाएगा, लेकिन 24 वर्षीय मृतक अमन अपने पीछे कई सवाल खड़े करके चला गया कि अपने लोभ-लालच में लोग दूसरे को ऐसे कैसे इतना प्रताड़ित कर सकता है कि उसकी जान की उनकी जिंदगी की कोई कीमत ही नहीं बची। फिलहाल पुलिस ने मृतक अमन पाल का शव बामनहेड़ी रेलवे स्टेशन ट्रैक से बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया दिया है। मामले की जब उनके दूर के एक परिचित से इस बारे में जानकारी ली, गई तो पूरा घटनाक्रम सामने आया।

## मातृत्व की मिसाल बनी मां, बेटी का सुहाग बचाने का उठाया बीड़ा

**भोपा, 20 जून (बु.)।** थाना क्षेत्र के गांव में मातृत्व की मिसाल बनी एक मां ने अपनी बेटी के सुहाग को बचाने का बीड़ा उठाया है। उसने गुर्दों की बीमारी से जूझ रहे अपने दामाद को एक गुर्दा देने का फैसला किया है। एक मां के इस फैसले की चारों और प्रशंसा हो रही है। वहीं क्षेत्रवासी दामाद के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना कर रहे हैं। वर्तमान समय में जहां एक ओर रिश्तों में लगातार दरार पड़ रही है, रिश्ते टूट रहे हैं और जमीन के छोटे-छोटे टुकड़ों के लिए आदमी एक-दूसरे के खून का प्यासा बन बैठा है, वहीं भोपा थाना क्षेत्र के गांव निरगाजनी निवासी एक मां ने रिश्तों में प्यार की एक मिसाल कायम की है। भोपा क्षेत्र के गांव निरगाजनी निवासी अर्जुन सिंह की पुत्री संयोगिता का विवाह लगभग बारह साल पहले उत्तराखंड राज्य के लक्सर के पास स्थित एक गांव निवासी योगेंद्र के साथ हुआ था। योगेंद्र और संयोगिता खुशी-खुशी अपना जीवन-यापन कर रहे थे, तभी अचानक योगेंद्र को गुर्दों की बीमारी होने की जानकारी हुई। धीरे-धीरे बीमारी ने गंभीर रूप ले लिया और योगेंद्र लगभग चार वर्ष से गुर्दों की बीमारी से जूझ रहे हैं। परिजन योगेंद्र को उपचार के लिए ऋषिकेश में स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में ले गए, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद योगेंद्र को गुर्दा प्रत्यारोपण की सलाह दी। चिकित्सकों की बात सुनकर परिजन चिंतित हो गए। इस बात का पता जब संयोगिता की माता ओमवती को चला, तो वह ऋषिकेश में स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में पहुंची और दामाद को अपना एक गुर्दा देने की इच्छा जताई, जिसके बाद चिकित्सकों ने लगभग एक माह तक उनकी सभी आवश्यक जांच की और प्रत्यारोपण के लिए हरी झंडी दे दी और कुछ जरूरी कागजात तैयार कराने के लिए कहा। वर्तमान में ओमवती अपने पुत्र अंकुश को साथ लेकर दामाद को गुर्दा देने संबंधी आवश्यक कागजात तैयार करने में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के गांव रुड़कली में जहां रिश्तों को कलंकित करते हुए एक मां ने अपनी ममता का गला घोंटते हुए मासूम बच्चों को अपने अवैध संबंधों की बलि चढ़ा दिया, वहीं दूसरी ओर एक सास के इस हौसले भरे फैसले की चारों ओर प्रशंसा हो रही है।



## किन्नर रूखसार व उसकी बहन पर धारदार हथियार से हमला

**मुजफ्फरनगर, 20 जून (बु.)।** महमूदनगर की रहने वाली किन्नर रूखसार ने बताया कि महमूदनगर में ही रियासत नामक व्यक्ति ने अपनी पत्नी व पुत्री के साथ मिलकर उस समय खुद रूखसार व उसकी बहन सलमा पर हमला कर डाला, जब वह पड़ौसी को गाली दे रही रियासत की पत्नी को समा रही थी। समाने के बावजूद उसकी रियासत की पत्नी की समा में कुछ नहीं आया, जिसके बदले उन्होंने रूखसार व सलमा पर हमला कर दिया। रूखसार के साथ आये अजीम ने बताया कि रियासत की पत्नी व उनके घर में कई अनैतिक कार्य हो रहे थे, जिस कारण मौहल्ले के लोगों ने रियासत की पत्नी से मकान मालिक को कहकर मकान खाली करा लिया। इस बात की खीज निकालने के लिए ही रियासत व उसकी पत्नी और पुत्री ने किन्नर रूखसार व उसकी बहन सलमा पर हमला बोल दिया। हमले में दोनों बहनें घायल हो गयी, जिसमें सलमा को सिर पर कई टांके आये और रूखसार खून से लथपथ दिखाई दी। ऐसे में रूखसार ने पुलिस से मांग की कि उन पर हुए हमले में रियासत व उसकी पत्नी पर तुरंत कार्यवाही की जाये।



## चोरी की योजना बना रहे आरोपितों के साथ पुलिस की मुठभेड़, बदमाश गोली लगने से घायल

**जानसठ, 20 जून (बु.)।** शुक्रवार की देर शाम लगभग साढे दस बजे पानीपत-खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग पर बिजलीघर से आगे राजबाहे की पटरी पर मार्ग पर बदमाशों के साथ हुई मुठभेड़। एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया। उसके दो साथी भी गिरफ्तार हुए हैं। घायल बदमाश को पुलिस ने उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया है। सीओ यतेंद्र नागर ने बताया कि शुक्रवार की देर रात लगभग साढे दस बजे एक बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया। उसके दो साथी भी कांबिंग के दौरान गिरफ्तार किए। पुलिस मुखबिर की सूचना पर पानीपत-खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित बिजली घर से आगे मीरापुर की ओर स्थित राजबाहे की पटरी पर चैकिंग कर रही थी, तभी राजबाहे की पटरी पर स्थित ट्यूबवेल पर तीन संदिग्ध युवक बैठकर चोरी की योजना बना रहे थे। पुलिस ने उन्हे घेर लिया, तो वह वापस गांव तालड़ा की ओर भागने लगे। पुलिस टीम द्वारा बदमाशो का पीछा किया गया। अपने आप को पुलिस से घिरा देख उन्होंने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने भी बदमाशो को घेर लिया। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली लगने से एक बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया। घायल बदमाश महताब पुत्र पोटल निवासी खाईखेड़ी थाना पुरकाजी जनपद मुजफ्फरनगर जिस पर लगभग आठ मुकदमे दर्ज है। उसका साथी राजीव सपेरा उर्फ दीवाना उर्फ राजु पुत्र सुरेश जिस पर तीन मुकदमे पहले से दर्ज है। जिस पर बाबूगढ़ छावनी व सीम्भावली में मुकदमे दर्ज हैं, जो की गांव तिसोत्रा थाना नागल जनपद बिजनौर निवासी है। तीसरा पवन पुत्र कल्लन निवासी झबरपुर थाना पुरकाजी जनपद मुजफ्फरनगर है। सीओ ने बताया कि देर रात पुलिस ने महताब के पास से एक तमंचा व कारतूस बरामद किए है। थाना प्रभारी राजीव शर्मा ने बताया की पुलिस ने घायल को उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया है। राजीव सपेरा और पवन को हिरासत में लेकर पुलिस थाने ले आई है। तीनों के अपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।



# उमस भरी गर्मी से दिनभर लोगों का रहा बुरा हाल, गिरा तापमान

**❑ 2 डिग्री की गिरावट के साथ आर्द्रता में 14 प्रतिशत गिरावट**

**मुजफ्फरनगर, 20 जून (बु.)।** दिल्ली-एनसीआर व वेस्ट यूपी समेत समूचे उत्तर भारत में समय से पूर्व हुई मानसून की दस्तक के बीच जनपद में अभी दिनभर भीषण गर्मी एवं उमस के बीच राहत का पूरी तरह से टोटा रहा। हालांकि बीते दिवस जनपद में हुई बारिश के कारण मौसम थोडा राहत भरा रहा। शुक्रवार की अलसुबह से ही आसमान में कई बार छाए बादलों से धूप से राहत रही, लेकिन हवाओं की गति इस बीच धीमी होने के कारण मौसम उमस भरा रहा। दोपहर से शाम तक बादल और सूरज की लुका-छिपी के चलते उमस से तमाम लोग परेशान रहे। अधिकतम तापमान 32.2 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 25.8 डिग्री सेल्सियस रहा। दिल्ली-एनसीआर में मौसम के बदले मिजाज के बीच बादलों की लुका-छिपी व उमस भरे मौसम से मुजफ्फरनगर में शुक्रवार को दिनभर परेशान रहे। भारतीय मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक वेस्ट यूपी में अगले तीन दिनों तक बारिश का अनुमान है। इस दौरान दक्षिण से मानसून भी दस्तक दे सकता है। ऐसे में दिल्ली-एनसीआर समेत पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में 22 जून तक तेज बारिश का अनुमान जताया है। पूर्व के वर्षों के मुकाबले इस बार समूचे भारत में मानसून की समय से आठ दिन पूर्व दस्तक से मौसम सुहाना बना हुआ है। हालांकि वेस्ट यूपी के साथ नगर में बुधवार को बारिश से राहत देखने को मिली। जनपद में मौसम विभाग के बुधवार को रात्रि में हुई बारिश के जारी आंकड़ों में मात्र 11 एमएम बारिश दर्ज की गई, जिससे मौसम में बदलाव की उम्मीद में उत्साहित लोगों को बीते दो दिनों से मायूसी हाथ लगी है, हालांकि इस बीच बादलों की उमड़ घुमड़ से गर्मी से थोड़ी राहत तो मिली, लेकिन शुक्रवार को दिन में हवाओं की गति को लगे ब्रेकों के कारण लोगों को उमस भरी गर्मी का दिनभर जनपद में अहसास होता रहा। आने वाले दो दिनों में मध्यम से भारी बारिश के अलर्ट के बीच किसानों के साथ आमजन को राहत की फिर से उम्मीद जगी है।



## बरेली में रिश्वत लेते पकड़ा गया दरोगा

**बरेली 20 जून (वार्ता)** भ्रष्टाचार निवारण संगठन बरेली की टीम ने फरीदपुर क्षेत्र में एक उप-निरीक्षक को दस हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। भ्रष्टाचार निवारण संगठन बरेली मंडल उपाधीक्षक यशपाल सिंह ने बताया कि शिकायतकर्ता रेहान अंसारी निवासी ग्राम भगवन्तापुर थाना फरीदपुर जिला बरेली से मिले इनपुट पर उप निरीक्षक सुनील कुमार वर्मा पकड़ा गया। भ्रष्टाचार निवारण संगठन ट्रैप टीम प्रभारी, निरीक्षक प्रवीण सान्याल व टीम ने शुक्रवार दोपहर दस हजार रुपये रिश्वत लेते फरीदपुर थाना बरेली परिसर में ही गिरफ्तार कर लिया।

## बुलंदशहर में एक लाख का इनामी पुलिस मुठभेड़ में ढेर

**बुलंदशहर 20 जून (वार्ता)** उत्तर प्रदेश में बुलंदशहर के जहांगीराबाद क्षेत्र में पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने एक सशस्त्र मुठभेड़ के बाद मुजफ्फरनगर के शातिर बदमाश को मार गिराया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि शुक्रवार शाम यूपी एसटीएफ की नोएडा यूनिट की टीम से डकैतों के एक गैंग की मुठभेड़ हो गई है जिसमे एक बदमाश गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसको उपचार के लिये अस्पताल भेजा गया जहां उसको मृत घोषित कर दिया गया। उन्होने बताया कि मृतक बदमाश की पहचान विनोद गड़ेरिया निवासी इसोपुर खुरगान थाना कैराना शामली के रूप में हुई है। मृतक बदमाश मुज्जफरनगर में डकैती के छह से अधिक मामलों में 2024 से वांछित चल रहा है और इस पर मुज्जफरनगर पुलिस ने एक लाख रुपये का इनाम घोषित कर रखा था। सूत्रों ने बताया कि विनोद 2006 से जरायम की दुनिया में अपराध के लिए कुख्यात रहा है और इस पर डकैती के साथ हत्या ,डकैती और लूट के 40 से अधिक केस मुज़फ़्फ़रनगर, शामली और बागपत आदि जिलों में दर्ज है। न्यायालय द्वारा मुज़फ़्फ़रनगर के 2012 के केस में सात वर्ष की सजा भी हो चुकी है ।



# हद! दिनदहाड़े टाउनहाल से पालिका की सम्पत्ति चोरी

**▶ वीडियो वायरल होने आने पर चेयरपर्सन ने जताई नाराजगी ▶ ईओ को दिए एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश**

**मुजफ्फरनगर, 20 जून (बु.)।** नगरपालिका अपनी आंख के नीचे अपनी संपत्तियों की सुरक्षा करने में विफल साबित हुई है। पालिका परिसर में तीसरी आंख की नजर में चोरी का वीडियो वायरल होने पर पालिका चेयरपर्सन ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए ईओ से मामले की जांच कर रिपोर्ट तलब करने के साथ वीडियो के आधार पर आरोपियों के खिलाफ तत्काल प्रभाव से एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं।

पालिका परिषद् के मुख्यालय के मैदान से दिनदहाड़े कार्यालय दिवस में तीन लोगों ने लाखों का माल साफ कर दिया। इन चोरी में पालिका का वाहन प्रयोग किया और पालिका कर्मचारी टाउनहाल से बेखौफ यह माल ले जाता नजर आ रहा है। इसके बावजूद भी पालिका प्रशासन हरकत में नहीं आया। दिनदहाड़े हुई चोरी की घटना के बाद जब वीडियो सामने आया तो हड़कंप मच गया। उक्त मामले में चेयरपर्सन ने तत्काल संज्ञान लेते हुए नाराजगी जताई और ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह को कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिये हैं। पालिका में दिन में चोरी के जारी वीडियो में पालिका के छोटे



ट्रैक्टर ट्राली में कुछ होर्डिंग रख कर एक चालक मैदान से बाहर जाता दिख रहा है। उसके साथ दो अन्य युवक भी शामिल दिखाई दे रहे हैं। इसको लेकर चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने बताया कि उन्हें एक वीडियो प्राप्त हुई, इसमें पालिका स्वामित्व वाले एक छोटे ट्रैक्टर ट्राली में 3 व्यक्ति पालिका परिसर स्थित वाहन पार्किंग से कर विभाग द्वारा बीते दिनों चलाये अभियान में जब्त अवैध होर्डिग्स के 6 फ्रेम के साथ कुछ अन्य लोहे के सामान को बिना किसी सूचना या अनुमति के मैदान से बाहर लेकर जाते दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि इसकी जांच कराई तो पता चला कि वीडियो फुटेज में दिख रहा उक्त ड्राईवर पालिका का संविदा कर्मी संजीव कुमार और उसके परिचित दो युवक हैं। उन्होंने कहा कि ये जब्त होर्डिंग्स पालिका की सम्पत्ति के रूप में बंधक किए थे, क्योंकि इनको लेकर कर विभाग सम्बंधित विज्ञापन एजेंसी पर जुर्माना लगाया गया था। नियमानुसार यदि एजेंसी जुर्माना धनराशि पालिका कोष में जमा कराती है तो उसको बंधक सम्पत्ति सौंपनी होती है, ऐसे में ये साफ है कि बिना पूर्व सूचना के ये कर्मचारी लाखों रुपये कीमत के पालिका में बंधक उक्त संपत्ति को चुराकर ले गए। इसमें पालिका में तैनात सुरक्षा गार्ड और सिक्योरिटी एजेंसी की लापरवाही उजागर होती है। उन्होंने बताया कि उनके द्वारा प्रकरण में ईओ को पत्र जारी करते हुए आरोपी संविदाकर्मी संजीव समेत 2 अन्य व्यक्तियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में तत्काल मुकदमा दर्ज कराने के साथ ही मामले में जांच कराकर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए कहा है, वहीं रिकार्ड कीपर तनवीर आलम को सुरक्षा कर्मी उपलब्ध कराने वाली एजेन्सी के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं।

*ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने बताया कि मामला दो दिन पूर्व का है, वो कार्यालय में विभागीय कार्य निपटा रही थी, उसी दौरान दोपहर के वक्त गार्ड ने उन्हें सूचित किया था कि दो-तीन लोग मैदान में पड़ी जब्त सामग्री से लोहे के बड़े फ्रेम उठाकर ट्रैक्टर ट्रॉली में ले जा रहे हैं। उन्होंने आईटी प्रियेश कुमार को भेजकर जानकारी की तो पता चला कि वो पालिका के कर्मी हैं, इसके लिए प्रभारी टीएस पारूल यादव को जानकारी जुटाने के लिए कहा था, लेकिन उन्होंने कोई कार्यवाही नहीं की। प्रकरण में कर विभाग से रिपोर्ट भी मांगी गई है।*

# कहानी रणथंभौर की बाघिन एरोहेड की, जो बेटी कनकटी की विदाई के बाद खुद भी चल बसी

**रणथंभौर, 20 जून (एजेंसी)।** राजस्थान के रणथंभौर की एक ऐसी बाघिन की कहानी आपको बताते हैं, जो भावुक कर देने वाली है( बेटी की विदाई के कुछ ही दिनों बाद उस बाघिन मां एरोहेड ने भी दम तोड़ दिया, जब वह जिंदा थी तो शिकार के अनोखे अंदाज के लिए फेमस थी। उसकी मौत वन्य प्रेमियों के लिए किसी झटके से कम नहीं है। इसे रणथंभौर रिजर्व एरिया का एक इतिहास खत्म होने जैसा माना जा रहा है। रणथंभौर राष्ट्रीय उद्यान की लोकप्रिय बाघिनों में से एक एरोहेड की मौत भावुक कर देने वाली है। कुछ दिनों पहले उसकी बेटी कनकटी की रणथंभौर से कोटा के मुकुंदरा टाइगर रिजर्व के लिए विदाई हुई। कुछ ही समय बा मां एरोहेड चल बसी। वन अधिकारियों ने बताया कि एरोहेड (टी-84) ब्रेन ट्यूमर से जूझ रही थी, जिसकी वजह से उसकी मौत हो गई। 11 साल की ऐरोहेड रणथंभौर राष्ट्रीय उद्यान की प्रसिद्ध बाघिन थी। वह 'मछली' के परिवार से थी। वन अधिकारियों और वन्यजीव प्रेमियों ने गुरुवार को बाघिन एरोहेड को अंतिम संस्कार से पहले भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कुछ दिनों पहले बाघिन एरोहेड उस समय सुर्खियों में आई थी जब उसने एक जलाशय में मगरमच्छ का शिकार किया था। इसका एक वीडियो खूब वायरल हुआ था। वन्य जीव प्रेमियों के मुताबिक, एरोहेड के इस तरह किए गए शिकार ने उसकी मां 'मछली' के शिकार कौशल की याद दिला दी, जिसे अक्सर ह्यरणथंभौर की रानी' और ह्यमगरमच्छ शिकारी' के रूप में जाना जाता था। रणथंभौर के सीनियर वन्यजीव गाइड शाकिर अली ने कहा कि बाघिन एरोहेड ने ताकत और भावना दोनों ही रूप में अपनी मां 'मछली' की विरासत को आगे बढ़ाया। फील्ड डायरेक्टर अनूप के आर के मुताबिक, इस बाघिन का जन्म फरवरी 2014 में हुआ था। उसे ज्यादातर उद्यान के जोन 2, 3, 4 और 5 में देखा गया था, जिसमें नलघाटी और राजबाग झील उसका मुख्य क्षेत्र था। एरोहेड को न केवल उसके आकर्षक रूप के लिए बल्कि बाघों की आबादी बढ़ाने में उसकी अहम भूमिका के लिए भी सराहा गया। एरोहेड चार बार मां बनी और 10 शावकों को जन्म दिया, जिनमें से छह अब भी जीवित हैं। यह बाघिन आखिरी बार 2023 में मां बनी थी। बाघिन की मौत उसकी बेटी 'कनकती' को वन विभाग द्वारा उद्यान से बाहर ले जाने के कुछ ही दिनों बाद हुई है। रणथंभौर नेचर गाइड एसोसिएशन के सदस्यों व अन्य वन्यजीव प्रेमियों ने एरोहेड को पुष्पांजलि अर्पित की। एसोसिएशन के अध्यक्ष यादवेंद्र सिंह ने कहा कि एरोहेड को उसके उग्र स्वभाव और उद्यान की पारिस्थितिक विरासत पर गहरी छाप के लिए याद किया जाएगा। उसका जाना रणथंभौर रिजर्व एरिया का एक इतिहास खत्म होने जैसा है।



## ट्रक की टक्कर से घायल हुए बाइक सवार की उपचार के दौरान मौत

**जानसठ, 20 जून (बु.)।** बृहस्पतिवार की देर रात बाइक में अज्ञात ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी, जिसमें बाइक सवार घायल हो गया। घायल को पुलिस ने उपचार के लिए सीएचसी जानसठ पहुंचाया, जहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। बृहस्पतिवार की देर शाम मीरापुर थाना क्षेत्र के गांव संभलहेड़ा निवासी 18 वर्षीय युवक नौशाद पुत्र अमजद बाइक द्वारा कवाल भट्टे पर काम समाप्त करके अपने घर जा रहा था। जैसे ही यह पानीपत-खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग की पिमौड़ा पुलिया के सामने पहुंचा, तो पीछे से आ रहे ट्रक ने इसकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से नौशाद गंभीर रूप से घायल हो गया। किसी ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने नौशाद को उपचार के लिए सीएचसी जानसठ पहुंचाया, जहां पर उपचार के दौरान नौशाद की मौत हो गई। मौत की सूचना से स्वजन में कोहराम मच गया। पुलिस ने नौशाद के शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी राजीव शर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच कर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

## गहरे कुएं में गिरकर हुई किसान की मौत, गांव में शोक, पुलिस ने शव पीएम के लिए भेजा

**बुढ़ाना, 20 जून (बु.)।** एक किसान की कुएं की छत की सफाई करने के दौरान कुएं में गिरकर मौके पर ही मौत हो गयी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और उधर परिवार में कोहराम मचा है। बताया जाता है कि बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव इटावा का रहने वाला 50 वर्षीय किसान रविंद्र सिंह पुत्र सत्यपाल शुक्रवार की देर सायं अकेले ही रोजाना की भांति अपने खेत पर गया हुआ था। तब वह ट्यूबवैल के कुएं की छत पर चढ़कर छत की सफाई कर रहा था कि अचानक से जर्जर अवस्था में पड़ी छत की तीन कड़ियां अचानक से टूट गयी। इससे पहले रविंद्र सिंह कुछ समझ पाता तब तक देर हो चुकी थी और वह कड़ियों समेत ही नीचे गहरे कुए में जा गिरा। जहां सिर में नाल लगने से उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। उसके कुएं में गिरने की आवाज सुनकर आसपास के पड़ोसी किसी अनहोनी की आशंका जताते हुए तुरंत घटनास्थल पर आए और रविंद्र को कुएं में पड़े देखा तो उन्होंने रविंद्र सिंह के परिजनों को इस घटना की सूचना दी तो कुछ ही देर बाद मौके पर परिजन आ गये और पड़ोसियों की सहायता से काफी मशक्कत के बाद रविंद्र सिंह को कुएं से निकालकर बुढ़ाना के एक निजी अस्पताल में पहुंचाया, जहां पर चिकित्सकों ने किसान रविंद्र सिंह को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पीएम हाउस के लिए भिजवा दिया है।



## विदेशी मुद्रा भंडार 2.3 अरब डॉलर बढ़कर 698.9 अरब डॉलर

**मुंबई, 20 जून (वार्ता)** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में भारी इजाफा होने से 13 जून को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.3 अरब डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 698.9 अरब डॉलर पर पहुंच गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 5.2 अरब डॉलर की बढ़ोतरी के साथ 696.7 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 13 जून को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 1.7 अरब डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 589.4 अरब डॉलर पर पहुंच गई।

## विदेश में भारतीय कूटनीति का जलवा, ईरान ने सिर्फ भारत के लिए खोला एयरस्पेस; आज लौटेंगे 1000 छात्र

**नई दिल्ली, 20 जून (एजेंसी)।** ईरान और इजरायल के बीच जंग भीषण होते जा रही है। दोनों देश एक दूसरे पर लगातार हमला कर रहे हैं। इस बीच एक बड़ी जानकारी सामने आई है। ईरान ने भारतीय छात्रों की निकासी के लिए अपने बंद एयरस्पेस को विशेष तौर से खोला है। इसको भारत की कूटनीतिक जीत के तौर पर देखा जा सकता है। बता दें कि युद्ध प्रभावित इस देश में फंसे भारतीय छात्रों की आपतकालीन निकासी के लिए उठाया गया बड़ा कदम है। ईरान के इस फैसले से कम से कम 1000 छात्रों के आज भारत पहुंचने की संभावना है। बता दें कि ईरान द्वारा एयरस्पेस खोले जाने के बाद छात्रों के लेकर आ रही पहली फ्लाइट रात के 11 बजे के करीब नई दिल्ली पहुंचेगी। ईरान के के मशहद शहर से ईरानी विमान में ही छात्र दिल्ली आएंगे। इसके अलावा छात्रों के लेकर आने वाली दूसरी और तीसरी फ्लाइट भी शनिवार को आएगी। वहीं, ईरान के वरिष्ठ अधिकारियों ने पुष्टि की है कि जो भारतीय नागरिक ईरान छोड़कर जाना चाहते हैं उनके लिए चार्टर्ड विमानों की व्यवस्था की गई है। जानकारी दें गत बुधवार को भारत ने ईरान से भारतीय नागरिकों को निकालने के लिए 'ऑपरेशन सिंधु' शुरू करने की घोषणा की। इसके तहत युद्धग्रस्त देश में फंसे भारतीयों को निकालने की कोशिश जारी है। ईरान और इजरयल के बीच संघर्ष लगातार बढ़ता जा रहा है। दिल्ली में ईरानी दूतावास के अधिकारियों ने कहा कि कुछ छात्रों के घायल होने के बाद ईरानी विदेश मंत्रालय तेहरान में भारतीय मिशन के साथ निकट संपर्क में है।





1973-2025

सम्पादक की क़लम से

## पटना-गोरखपुर वंदे भारत आरम्भ

कल बिहार के वैशाली में नयी रेल लाइन और पटना-गोरखपुर वंदे भारत आरम्भ हुई। कल प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने प्रदेश के 51 हजार लोगों को पीएम आवास योजना की पहली किस्त सौंपी। प्रधानमन्त्री ने सीवान से करीब 10 हजार करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। प्रधानमन्त्री विकास की नयी गाथा लिख रहे और उनकी विदेश नीति की भी तारीफ हो रही है। कहा जा रहा कि वह मोदी ही हैं, जिन्होंने ट्रम्प के अमेरिका निमंत्रण पर शालीनता से इन्कार कर दिया। चर्चा यह भी है कि ट्रम्प ने एक जाल बिछाया था मोदी उस जाल ही को ले उड़े। दूसरी तरफ उनके विरोधी भी हैं, जो विरोध का कोई न कोई बहाना ढूंढ ही लेते हैं। प्रधानमन्त्री के विरोधी ट्रम्प द्वारा पाकिस्तान के सेना प्रमुख को लंच पर बुलाने को भारत की कूटनीति के लिए झटका बता रहे हैं, जबकि उन्हें यह मालूम नहीं कि अमेरिका, ईरान पर हमले के लिए पाकिस्तान के सेना प्रमुख को टुकड़ा डाल रहे हैं। चुनावी साल में 6 महीने में पीएम का ये चौथा बिहार दौरा है। इससे पहले वे भागलपुर, मधुबनी, पटना, शाहबाद के इलाके में जनसभा कर चुके हैं। पीएम मोदी ने अपने सम्बोधन में कहा कि आप सब जानते हैं कि मैं कल ही विदेश से लौटा हूं। उन्होंने कहा कि विश्व के सारे नेता भारत से काफी प्रभावित हैं। वह भारत को तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनते देख रहे हैं। इसमें बिहार की बड़ी भूमिका होने वाली है। बिहार समृद्ध होगा और देश के विकास में बड़ी भूमिका निभायेगा। मेरे इस विश्वास में आप सभी का सामर्थ्य है। आप सभी ने मिलकर जंगलराज का सफाया किया है। यहां के नौजवानों ने तो 20 साल पहले की जंगलराज के बारे में कहानियां सुनी है। जंगलराज ने बिहार का क्या हाल कर दिया था। वह जानते हैं, जिस बिहार ने देश को नेतृत्व दिया, उस बिहार को पंजे और लालटेन के शिकंजे ने पलायन का प्रतीक बना दिया था। आज जिन योजनाओं का शिलान्यास या उद्घाटन हुआ है वे सीवान, सासाराम, बक्सर, मोतिहारी, बेतिया और आरा जैसे बिहार के सारे इलाके फले-फूले इस दिशा में यह प्रोजेक्ट बड़ी भूमिका निभाएगी। इससे गरीब, वंचित, दलित-महादलित और पिछड़े-अतिपिछड़े समाज के लोगों का विकास होगा। मैं सभी को इन प्रोजेक्ट के लिए बधाई देता हूं। अभी कल ही बारिश हुई। सुबह भी बारिश हुई। इसके बावजूद आप लोग इतनी बड़ी संख्या में आए, इसके लिए मैं आपका हृदय से धन्यवाद करता हूं। प्रधानमन्त्री ने शहरी प्रधानमन्त्री आवास योजना के तहत 53,666 लाभार्थियों के खाते में पहली किस्त के रूप में कुल 51 हजार करोड़ रुपये की राशि स्थानांतरित की। इसके अलावा 6684 शहरी गरीब परिवारों को पक्के मकान की चाबी सौंपी। प्रधानमन्त्री ने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 11 परियोजनाओं और नमामि गंगे मिशन की 4 परियोजनाओं का शिलान्यास किया, जिन पर कुल 2997 करोड़ रुपये खर्च होंगे। सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार जिस तरह से काम कर रही है, उससे यह बात समझ लीजिए कि बिहार बहुत आगे बढ़ जाएगा। मैं एक बार फिर पीएम मोदी का अभिनंदन और स्वागत करता हूं। उन्होंने बिहार को जो सौगातें दी है, उसके लिए भी मैं पीएम मोदी का धन्यवाद करता हूं। नीतीश कुमार ने लालू परिवार पर हमला बोलते हुए कहा कि इससे पहले वाले जो सरकार में थे, उन लोगों ने क्या किया था बिहार के लिए। क्या हाल था? कोई काम नहीं किया था उन लोगों ने। आज कल यह लोग अनाप-शनाप प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। इससे कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है। सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि पहले शाम में लोग घर से नहीं निकल पाते थे। हम लोगों की सरकार आई तो महिलाओं को आरक्षण दिया, जो भी मौका मिला हम लोगों ने विकास के लिए काम किया। शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में विशेष ध्यान दिया। पुल और पुलियाओं का निर्माण करवाया। सीएम नीतीश कुमार ने पीएम नरेंद्र मोदी का धन्यवाद देते हुए कहा कि आपने बजट में बिहार को विशेष पैकेज दिया। मखाना, एयरपोर्ट, पश्चिमी कोसी नहर के लिए वित्तीय सहायता की घोषणा की। यह बहुत खुशी की बात है। प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 सालों में भारत की विदेश नीति को एक नयी ऊंचाई मिली है। मोदी ने व्यक्तिगत कूटनीति का इस्तेमाल करते हुए 100 से ज्यादा देशों का दौरा किया और प्रवासी भारतीयों को भारत से जोड़ते हुए उसे वैश्विक शक्ति के रूप में जोड़ा। मोदी ने अमेरिका, फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया जैसे शक्तिशाली देशों के साथ द्विपक्षीय संबंधों को काफी मजबूत किया है। मोदी मैजिक ने भारत की छवि को काफी मजबूत किया। चाहे क्वाड हो, जी-20 की अध्यक्षता हो या ब्रिक्स में संतुलन बैठाना, भारत एक कुशल डिप्लोमेटिक मैनेजर बनकर उभरा। भारत का यह सफर जारी है लेकिन कुछ लोग अभी भी कमियाँ ढूंढते हैं। प्रधानमन्त्री विदेश यात्रा से लौटे हैं। दुनिया युद्ध में उलझी हुई है, ऐसे में ट्रम्प मध्यस्थता करके युद्ध रुकवाने के दावे करते रहते हैं। उन्होंने एक बार फिर कहा कि भारत-पाकिस्तान का संघर्ष मैंने रुकवाया। इसे लेकर दुनिया में उनका मजाक भी उड़ रहा है, जब ट्रम्प जी-7 को बीच में छोड़ कर अमेरिका चले गए, तो फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने तंज कसते हुए ट्वीट किया कि वे ईरान-इजराइल के बीच चल रहे युद्ध को मध्यस्थता करके रुकवाने गए हैं। यह बात ट्रम्प को बुरी लगी, उन्होंने कहा कि मैक्रों को पब्लिसिटी की भूख है। डोनाल्ड ट्रंप ने पाकिस्तान के फील्ड मार्शल असीम मुनीर को लंच के लिए आमंत्रित किया और घोषणा की कि वह पाकिस्तान से प्यार करते हैं। यह उनके पहले कार्यकाल के दौरान अपनाई गयी नीति से यू-टर्न है। पिछले शासनकाल में उन्होंने पाकिस्तान को 'आतंकवादियों के लिए एक सुरक्षित पनाहगाह' कहा था। उन्होंने पाकिस्तान पर धोखेबाज होने का आरोप लगाया था। अब वो पलट गये हैं। ट्रम्प की वापसी के वक्त परेशान पाकिस्तान अब खुश है। कश्मीर मुद्दे पर भारत की विदेश नीति इस बात पर आधारित रही है कि पाकिस्तान को वैश्विक नेताओं के बीच भारत के समान वैधता नहीं दी जाए, लेकिन डोनाल्ड ट्रम्प की 'सनकी' नीति के सामने अब यह काफी मुश्किल लग रहा है। ट्रम्प बार-बार कश्मीर पर मध्यस्थता की बात कर रहे हैं और असीम मुनीर उन्हें नोबल पुरस्कार का उम्मीदवार बता रहे हैं। यह ऐसे ही है, जैसे दो नेता एक दूसरे के साथ सेटिंग करके सम्मान समारोह आयोजित करें कि मैं तुम्हें लंच पर बुलाता हूँ तुम मेरे लिए नोबल पुरस्कार की चर्चा छेड़ देना।

### चार तीर

सुनील उत्सव

'समस्या' 'फाइल' 'उलझन' 'आदमी'

अब समस्या से भरी मोटी सी फाइल हो गयी,
उलझी-उलझी जिन्दगी है हर कदम उलझन में है।
बड़बड़ाता जा रहा है रास्तों पर देखिए,
एन्जवाय भूल बैठा आदमी टैंशन में है।

### सर्राफा बाजार

मुजफ्फरनगर, 20 जून, (बु.)। मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहे:-

| | | | |
|---|---|---|---|
| सोना- | 98800 | चांदी- | 105900 |
| सिक्का- | 1130 | गिन्नी- | 73600 |

### सार्वजनिक सूचना

मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण-पत्र संख्या 6789, दिनांक 20/08/2010 में नियमों की जानकारी न होने के कारण मेरे द्वारा पुत्र का नाम अरमान अंकित नहीं कराया गया था। मेरे पुत्र का वास्तविक नाम यही है और भविष्य में भी इसी नाम से जाना जायेगा। पंजीकरण हेतु आवेदन-पत्र विभाग में प्रस्तुत किया गया है।

मौ० यामीन
1607, उत्तरी लद्धावाला
मुजफ्फरनगर, मो. 8683960786



संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

## ससुरालजनों को बताया पुत्री की मौत का जिम्मेदार, कार्रवाई की मांग

भोपा, 20 जून (बु.)। ससुराल वालों के उत्पीड़न से परेशान होकर मायके में रह रही युवती की मौत के लगभग एक माह बाद थाने पहुंचे पिता ने पुत्री के ससुरालजनों को पुत्री की मौत का जिम्मेदार बताते हुए कार्यवाही की मांग की है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव मोरना निवासी सुरेश ने थाने पहुंचकर बताया कि उसने अपनी पुत्री ज्योति की शादी नई मंडी थानाक्षेत्र निवासी युवक के साथ की थी। सुरेश ने बताया कि शादी के कुछ दिन बाद ही पुत्री के ससुराल वाले और सिखेड़ा थानाक्षेत्र निवासी एक व्यक्ति उसकी पुत्री के साथ अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर मारपीट करने लगे थे। आरोपियों के मानसिक उत्पीड़न और मारपीट से परेशान होकर उसकी पुत्री अपने मायके आ गई थी। आरोप है कि उसके बाद ससुराल वालों ने उसकी कोई खैर-खबर नहीं ली और ना ही उसे लेने आए, जिसके बाद डेढ़ वर्ष पूर्व गांव के जिम्मेदार लोगों ने दोनों पक्षों को बैठाकर समझौता करा दिया था, जिसके अन्तर्गत साढ़े छह लाख रुपए का लेन-देन तय हुआ था। पीड़ित ने आरोप लगाया कि समझौता होने के बाद आरोपियों ने फैसले में तय रकम नहीं दी, जिसके बाद उसकी पुत्री गहरे सदमे और मानसिक तनाव में रहने लगी थी। पीड़ित ने बताया कि मानसिक दबाव के कारण बीते माह उसकी पुत्री की असमय मौत हो गई। पीड़ित ने आरोपियों को पुत्री की मौत का जिम्मेदार बताते हुए तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

# नगर पंचायत बुढ़ाना बोर्ड की बैठक सम्पन्न : प्रमुख चौराहों व तिराहों का होगा सौंदर्यकरण

## - कम से कम 70 और अधिकतम 100 प्रतिशत तक टैक्स की पेनल्टी में मिलेगी छूट
## - नगर पंचायत की बोर्ड बैठक में सर्वसम्मति से लिए गए अहम फैसले

### - बोर्ड मीटिंग में 17 में से 16 सभासद रहे मौजूद

बुढ़ाना, 20 जून (बु.)। नगर पंचायत बुढ़ाना बोर्ड की बैठक शुक्रवार को शांतिपूर्ण रूप से संपन्न हुई, जिसमें सर्व सम्मति से बोर्ड सदस्यों ने महत्त्वपूर्ण फैसले लिए। चेयरपर्सन उमा त्यागी की अध्यक्षता में नगर पंचायत बोर्ड की बैठक हुई, जिसमें 17 सभासदों में से 16 सभासद बैठक में मौजूद रहे। सब प्रस्तावों का 10 सभासदों ने समर्थन किया। सभासदों की सहमति से बोर्ड का बड़ा फैसला ये रहा कि गृहकर व जलकर की पेनल्टी पर कम से कम 70 व अधिकतम 100 प्रतिशत तक छूट मिलेगी। बैठक में चेयरपर्सन उमा त्यागी, सभासद फरीदा उस्मानी, नियम पंवार, नसीम सिद्दीकी, इमरान कुरैशी, सलीम कुरैशी, राशिद भूरु कुरैशी, सुनीता, नितिन शर्मा, साबरा कुरैशी, नूरजहां नाज मंसूरी, गुलफाम खान, अजय संगल, योगेश प्रजापति, सुमन, पुष्पा व उषा मौजूद रहे। बैठक में ईओ आलोक रंजन, वरिष्ठ लिपिक सतीश पंवार मौजूद रहे। जिन प्रस्तावों पर मुहर लगी उनमें हाउस टैक्स व वाटर टैक्स पर पेनल्टी कम से कम 70 प्रतिशत तक माफ की गई। कस्बे के मुख्य चौराहों व तिराहों का



आधुनिक तरीके से सौंदर्यकरण होगा। कस्बे में प्रस्तावों के आधार पर सड़क आदि के निर्माण कार्य होंगे। कांवड़ यात्रा के मद्देनजर कांवड़ियों हेतु बेहतर सुविधाएं दी जाएगी। सब आवश्यक व्यवस्थाएं होंगी। कस्बे में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन पर शुल्क का प्रस्ताव ईओ आलोक रंजन की ओर से रखा गया था, लेकिन सभी सभासदों ने एक स्वर में इस प्रस्ताव को पास नहीं किया। सर्व सम्मति से सभी प्रस्ताव पास हुए। विकास प्रस्तावों का समर्थन करने वाले सभी सभासदों का चेयरपर्सन उमा त्यागी और ईओ आलोक रंजन ने धन्यवाद किया और कहा कि हमारी कोशिश सभी को साथ लेकर कस्बे का सर्वांगीण विकास करने की पहले से थी, है और हमेशा रहेगी। योगपुरा रोड पर बने रोडवेज बस स्टैंड को लेकर भी बैठक में चर्चा हुई। दरअसल, एआरएम परिवहन की ओर से निरीक्षण कर कार्य कराने की बात कही थी लेकिन सभासदों ने सर्वसम्मति से कहा है कि पहले आंकलन किया जाए कि नगर पंचायत को इससे क्या आय होगी और कितना खर्च कार्यों में आएगा। नगर पंचायत बुढ़ाना की ओर से भव्य बुढ़ाना महोत्सव का आयोजन होगा। जून 1866 में बुढ़ाना नगर पंचायत की स्थापना हुई थी। जून माह में बुढ़ाना महोत्सव कराया जाएगा। इस बाबत प्रस्ताव भी सर्वसम्मति से बोर्ड बैठक में पास हुआ है। कुल मिलाकर पहली बार मीटिंग हंगामे से दूर रही।

## जिला कृषि अधिकारी ने मारा कूकड़ा मंडी के इफको केंद्र पर छापा, कीटनाशक के लिए नमूने



मुजफ्फरनगर, 20 जून (बु.)। जनपद में उर्वरक की किल्लत दूर करने के साथ किसानों को राहत दिए जाने की शुरू कवायदों के बीच कृषि अधिकारी ने अधिकृत विक्रेता से ही उर्वरक क्रय करने के साथ किसानों को बेचने के निर्देश दिए, ताकि फजीहत से बचा जा सके। शुक्रवार को इन व्यवस्थाओं को दुरूस्त करने की खातिर डीडी कृषि के निर्देश पर जिला कृषि अधिकारी ने कूकड़ा मंडी स्थित इफको केन्द्र का स्थलीय निरीक्षण किया और इस बीच कीटनाशक इफको एमसी का एक नमूना लेते हुए उसे जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया। डीडी कृषि प्रमोद सिरोही के निर्देश पर शुक्रवार में जिला कृषि अधिकारी राहुल तेवतिया द्वारा कूकड़ा मंडी स्थित इफको केन्द्र का पहुंचकर निरीक्षण किया। इस दौरान कृषि अधिकारी ने प्रतिष्ठान से इफको एमसी कीटनाशक के नमूने लेते हुए उनहें जांच के लिए प्रयोगशाला में भेजा गया। जिला कृषि अधिकारी राहुल तेवतिया ने उर्वरक विक्रेताओं को चेताया कि अगर बिना अथॉरिटी अंकित के कोई अन्य उर्वरक पाया जाता गया तो विधिक कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि यूरिया वितरण पोस से करें और किसानों को उनकी जरुरत के अनुरूप जोत बही के आधार पर उर्वरक वितरण करें। एक ही किसान को बार-बार यूरिया का वितरण ना किया जाए। वहीं उन्होंने किसानों को उर्वरक खरीदते समय कुछ सामान्य जानकारी रखकर बाजार में मिलने वाले नकली उर्वरकों की पहचान कर ठगी का शिकार होने से बचने की जानकारी भी दी। उन्होंने कहा कि नकली बीज व उर्वरक न केवल उत्पादन को प्रभावित करते हैं, बल्कि किसान को आर्थिक रूप से भी नुकसान पहुंचाते हैं। ऐसे में किसान बीज, उर्वरक एवं कीटनाशक अधिकृत विक्रेता से ही खरीदें। अधिकृत विक्रेता से बिल अवश्य प्राप्त करें। निर्धारित मात्रा एवं सही आदान का ही प्रयोग करें। असली उर्वरकों की पहचान संबंधी तमाम सामान्य जानकारी रखकर ही किसान उर्वरक खरीदते समय होने वाले नुकसान से बच सकते हैं।

## परिक्रमा मार्ग समस्या में डीएम को लिखा भाकियू नेता ने पत्र

मुजफ्फरनगर, 20 जून (बु.)। भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत ने परिक्रमा मार्ग पर बीते एक वर्ष से भरे बदबूदार पानी की समस्या का स्थाई रूप से समाधान किए जाने की मांग करते हुए अधिकारियों का ध्यान इस समस्या की ओर कराया है। शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत के निजी सचिव कमल मित्तल ने इस संबंध में भाकियू नेता चौधरी राकेश टिकैत का पत्र जिलाधिकारी को सौंपते हुए कहा कि नगर के सरकुलर रोड परिक्रमा मार्ग क्षेत्र में रहने वाले तमाम लोग पिछले एक वर्ष से नरकीय जीवन जीने को विवश हैं। उक्त परिक्रमा मार्ग पर टिकैत विहार एवं श्रीराम कॉलेज के सामने बीते एक वर्ष से सड़क पर नाले से बदबूदार पानी भरा होने के कारण कई बार दुर्घटनाएं भी हुई हैं। कमल मित्तल ने बताया कि परिक्रमा मार्ग पर बनाए गए नाले की निकासी न होने के कारण सारा गंदा पानी वहीं भर जाता है। समस्या के निदान का डीएम उमेश मिश्रा ने आश्वासन दिया कि उक्त नाले एवं सड़क निर्माण पुनः कराकर समस्या का स्थाई समाधान कराया जाएगा।

## चर्चित महिला सहित 6 आरोपियों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट में कार्यवाही

खतौली, 20 जून (बु.)। कोतवाली पुलिस ने चर्चित महिला सहित आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने वाले छह आरोपियों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट की कार्यवाही की है। मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली पुलिस द्वारा अनैतिक देह व्यापार व आपराधिक संगीन घटनाओं के गिरोह की गैंगलीडर हसीना पत्नी नूर मौहम्मद निवासी जैन नगर कॉलोनी, थाना खतौली सहित उसके गिरोह के सदस्य आसमा पुत्री नूर मौहम्मद, दानिश पुत्र नूर मौहम्मद निवासीगण जैन नगर थाना खतौली मसूद उर्फ शब्बू, शारिक पुत्र अब्दुल खालिक, मुस्तकीम निवासी रुड़की के विरुद्ध गैंगस्टर की कार्यवाही की गयी है। कोतवाली पुलिस की जांच के दौरान उक्त गिरोह के लोगों द्वारा अनैतिक देह व्यापार सहित चोरी आदि आपराधिक गतिविधियों को निरंतर अंजाम दिया जाना पाया गया है। प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश शर्मा के अनुसार उक्त गिरोह के सदस्यों के विरुद्ध पूर्व में भी अनेक संगीन धाराओं में मुकदमे पंजीकृत हैं तथा अनैतिक देह व्यापार अधिनियम, अवैध हथियार रखने आदि आरोपों में शामिल हैं। कोतवाली प्रभारी के अनुसार इनके विरुद्ध गैंग चार्ट तैयार कर गैंगस्टर एक्ट की कार्यवाही की गयी है।

डॉ. मुकुल रस्तोगी
निदेशक- हेपेटोलॉजी, गैस्ट्रोएंटरोलॉजी एवं लिवर ट्रांसप्लांट
फोर्टिस हॉस्पिटल, नोएडा

- पीलिया, खून की उल्टी, लीवर की बीमारी, पेट व आंत की बीमारी, Pancreas व बवासीर के विशेषज्ञ
- Endoscopy और Colonoscopy की सुविधा उपलब्ध है।

रविवार, 22 जून 2025
प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक
डॉ. बंसल क्लीनिक, 37/3, सिविल लाइंस (दक्षिण), महावीर चौक, मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश।

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें-
सुनील- 0131-2623656, 8958897984

Fortis HOSPITAL NOIDA

डॉक्टर साहब हर महीने के चौथे रविवार को बैठते हैं।
डॉक्टर साहब अगले महीने, दिनांक 27/07/2025, दिन रविवार को बैठेंगे।

## डीएम दरबार में पहुंचे द्वारका सिटी के निवासी, लगाई गुहार

### - एमडीए के बुल्डोजर से राहत दिलाने की उठाई मांग - विवादित भूमि क्षेत्र में प्लाट न होने का किया दावा

मुजफ्फरनगर, 20 जून (बु.)। नगर के जानसठ रोड द्वारका सिटी स्थित इंटीग्रेटेड टाउनशिप मामले में आए सुप्रीम कोर्ट के आदेश को लेकर अफसरों व वहां रहने वाले परिवारों के बीच स्थिति पूरी तरह स्पष्ट न होने को लेकर बड़ी विकट समस्याएं पैदा हो गई है। ऐसी स्थिति में कोर्ट के आदेशों का हवाला देते हुए स्थानीय लोगों ने शुक्रवार को डीएम दरबार में दस्तक दी। इस दौरान स्थानीय लोगों ने द्वारका सिटी में एमडीए से स्वीकृति के बाद किए जा रहे निर्माण को रोके जाने को लेकर डीएम उमेश मिश्रा से मिलकर हो रहे मानसिक व आर्थिक हानि को रोके जाने के साथ ही राहत दिलाए जाने की मांग की। शुक्रवार को डीएम कार्यालय पर पहुंचे द्वारका सिटी के स्थानीय निवासियों ने आरोप लगाया कि कोर्ट के आदेश का पालन किए जाने के नाम पर एमडीए लगातार उत्पीड़न कर रहा है, जबकि उन सबने एमडीए द्वारा नक्शा पास कराने के बाद निर्माण कराया है। द्वारका सिटी के लोगों ने बताया कि एमडीए के अधिकारी



प्लाट या मकान में मरम्मत आदि काम को कराने पर भी बुल्डोजर की धमकी दे रहे है, जबकि यहां पर रहने वाले परिवारों के प्लाट और आवास पूर्णतः सही है। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों ने प्लाट व मकान बनाने के लिए बैंक आदि से लोन लिया है, लेकिन एमडीए के अधिकारी उन्हें निर्माण कराने से रोक रहे है। उन्होंने बताया कि इस मामले में मैसर्स द्वारका सिटी प्रबंधन ने स्वीकार किया है कि कोर्ट में विवादित भूमि के रूप में खसरा नं. 21, 33 व 34 दर्शाये गए हैं, जबकि हम लोगों के प्लाट इन खसरा नंबरान की हदूद में नहीं है।ऐसे में उक्त क्षेत्र में निर्माण कार्य शुरू कराने के निर्देश जारी किए जाए, ताकि स्थानीय परिवारों को राहत मिल सके। बता दें, शहर के शेरनगर और बीबीपुर में मैसर्स द्वारिका बालाजी कंसोर्टियम कंपनी ने करीब 100 एकड़ भूमि में इंटीग्रेटेड टाउनशिप की स्थापना की है, जिसमें 90 प्रतिशत से अधिक निर्माण कार्य पूर्ण हो जाने के साथ कंपनी को करीब 30 बीघा भूमि खरीदनी शेष है। जानसठ रोड स्थित उक्त द्वारिका सिटी कॉलोनी को लेकर जारी विवाद के बीच करीब सात बीघा भूमि के स्वामी की ओर से कई मामलों को लेकर शासन में शिकायत की गई थी। मंडलायुक्त और हाईकोर्ट से राहत न मिलने के बाद मामले में शिकायतकर्ता गुंजन गुप्ता ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।

जिस पर सुनवाई के बाद सुप्रीम कोर्ट ने यथास्थिति का आदेश जारी किया था।



## सासंद हरेन्द्र मलिक ने किया सौर ऊर्जा उपक्रम का उद्घाटन

मुजफ्फरनगर, 20 जून (बु.)। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के शीतलवाद स्थित पार्क में शुक्रवार को सरकार की महत्वाकांक्षी योजना में शुमार सौर ऊर्जा उपक्रम का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में समाजवादी पार्टी के सांसद हरेंद्र सिंह मलिक उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अधिवक्ता और बार एसोसिएशन के पदाधिकारी मौजूद रहे। सौर ऊर्जा उपक्रम की स्थापना का उद्देश्य शीतलवाद पार्क को स्वच्छ ऊर्जा से रोशन करना और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना है। उद्घाटन समारोह में सांसद हरेंद्र मलिक ने कहा कि बार एसोसिएशन का सौर ऊर्जा का यह कदम सराहनीय है, जिससे जिले की अन्य संस्थाओं को भी स्वच्छ ऊर्जा की ओर अग्रसर होने की प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने कहा कि वास्तव में ऐसे ही प्रयासों से समाज में जागरूकता बढ़ेगी और ऊर्जा बचत को बढ़ावा मिलेगा। बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि सौर ऊर्जा उपक्रम से पार्क की बिजली की जरुरत पूरी होने के साथ ही इसके माध्यम से पर्यावरण को स्वच्छ बनाने में भी मदद मिलेगी। इस कार्यक्रम में अध्यक्ष ठा. कुंवरपाल सिंह, महासचिव चन्द्रवीर निर्वाल, पूर्व अध्यक्ष प्रमोद त्यागी, निश्चल त्यागी, जितेन्द्र कुमार, सर्वेश जोशी, नीरज गौतम, हरिओम, शशि प्रभा समेत तमाम वरिष्ठ अधिवक्ता, युवा अधिवक्ता और कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## कार्यालय नगर पंचायत पुरकाजी (मुजफ्फरनगर)

पत्रांक : 216/न0पं0पुरकाजी/2025-26 दिनांक : 20.06.2025

### अल्पकालीन ई-निविदा सूचना

समस्त पंजीकृत ठेकेदारों एवं फर्मो को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत पुरकाजी द्वारा वर्ष 2025-26 कॉवड मेला अवधि दिनांक 08.07.2025 से 23.07.2025 तक हेतु गत वर्ष की भांति कावडियों की सुविधा हेतु राज्य वित्त आयोग/निकाय निधि से बोर्ड से स्वीकृति की प्रत्याशा में निम्न विवरणानुसार कार्यों के टेण्डर ई-टैण्डरिंग व्यवस्था के अनुसार दिनांक 01.07.2025 को अपराह्न 01:00 बजे तक आमंत्रित किये जाते हैं। प्रत्येक निविदा पर दस प्रतिशत धरोहर राशि जमानत के रूप में एवं टैण्डर मूल्य आर.टी.जी.एस. के माध्यम से नगर पंचायत पुरकाजी के भारतीय स्टेट बैंक स्थित खाता संख्या 11623686976, आई.एफ.एस.सी.कोड SBIN0017814 में जमा करना होगा। निविदा अभिलेख एवं शर्ते वैबसाईट **www.etender.up.nic.in** पर दिनांक 24.06.2025 समय प्रातः 10.00 बजे से दिनांक 01.07.2025 समय अपराह्न 1.00 बजे तक उपलब्ध रहेंगे। जहाँ से इसे डाउनलोड किया जा सकता है। दिनांक 01.07.2025 को समय अपराह्न 1.00 बजे तक वैबसाईट **www.etender.up.nic.in** पर समस्त पंजीकृत ठेकेदार/फर्म ऑनलाईन निविदा डाल सकते है। निविदाएं सक्षम अधिकारी द्वारा दिनांक 01.07.2025 को सायं 3.00 बजे अथवा अगले दिन खोली जायेगी। निविदाएं खोलते समय ठेकेदार उपस्थित रह सकते है। समस्त अथवा किसी भी निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। अभिलेख एवं शर्ते नगर पंचायत, पुरकाजी कार्यालय पर भी देखी जा सकती है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (जी.एस.टी. सहित) | 10 प्रतिशत जमानत धनराशि | टैण्डर मूल्य (जी.एस.टी. सहित) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | भूराहेडी तिराहे से फलौदा तिराहे तक बाईपास पर जेनरेटर द्वारा मय डीजल अस्थाई पथ प्रकाश व्यवस्था | 616000.00 | 61600.00 | 826.00 |
| 2 | भूराहेडी तिराहे से फलौदा कट तक (पुराने हाईवे पर) जनरेटर द्वारा मय डीजल अस्थाई पथ प्रकाश व्यवस्था | 562000.00 | 56200.00 | 708.00 |
| 3 | भूराहेडी बॉर्डर पर अस्थाई वॉटर प्रुफ वी.आई.पी. कन्ट्रोलरूम की स्थापना का कार्य (कूलर, फर्नीचर आदि सहित) | 233640.00 | 23365.00 | 354.00 |

शर्ते :- 1. विद्युत व्यवस्था का कार्य अनुभवी एवं लाईसेंसधारी ठेकेदार को ही दिया जायेगा। न्यूनतम टैण्डरदाता को टैण्डर स्वीकृति के उपरान्त अनुबन्ध कराना अनिवार्य होगा और ठेकेदार को समस्त व्यवस्थाएें दिनांक 08.07.2025 की सायं तक पूर्ण करनी होगी।

2. निविदादाता को निविदा के साथ शासन द्वारा निर्धारित 100/ रूपये के स्टाम्प पर शपथ पत्र/घोषणा पत्र, पैनकार्ड, जी.एस.टी., चरित्र प्रमाण पत्र, ठेकेदारी का पजीकरण प्रमाण पत्र, श्रम विभाग का पंजिकरण, हैसियत प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, निविदा मूल्य का डिमांड ड्राफ्ट व धरोहर धनराशि की एफ.डी.आर./एन.एस.सी. व पोर्टल पर अपलोड करना होगा।

3. ठेकेदार की जमा जमानत की धनराशि कार्य सन्तोषजनक रूप से पूर्ण होने पर 23.07.2025 के उपरान्त वापस की जायेगी। कार्य में किसी भी प्रकार चूक अथवा लापरवाही होने ठेकेदार की जमानत धनराशि जब्त करते हुये ठेकेदार के विरूद्ध उचित कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

(मनीष कुमार वर्मा)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत पुरकाजी
(मुजफ्फरनगर)

(जहीर अहमद फारूकी)
अध्यक्ष
नगर पंचायत पुरकाजी
(मुजफ्फरनगर)

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर

### अति अल्पकालीन ई-निविदा सूचना

पत्रांकः 247/ज0क0/2025-26 दिनांक 19/06/2025

नगर पालिका परिषद्, मुजफ्फरनगर के जलकल विभाग द्वारा 15 वें वित्त आयोग के अन्तर्गत निर्दिष्ट अनुदान (Tied Grant) की प्राप्त स्वीकृति धनराशि से नगर पालिका अन्तर्गत ग्रीष्म ऋतु में शुद्ध शीतल पेयजल हेतु आवश्यकतानुसार 20 नग आर0ओ0 सहित वाटर कूलर की आपूर्ति एवं अधिष्ठापन का कार्य की अधिकृत कार्यकारी फर्मो से दिनांक- 27/06/2025 को सायं 3:00 बजे तक ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है। वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर निविदा ऑनलाईन दिनांक 21/06/2025 की प्रातः 10:00 बजे से दिनांक- 27/06/2025 की सायं 03:00 बजे तक डाउनलोड तथा अपलोड की जा सकती है। कार्य की धरोहर राशि एफ0डी0आर0 के रूप में जो अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद्, मुजफ्फरनगर के नाम बंधक होगी तथा निविदा मूल्य का ड्राफ्ट (जी0एस0टी0 सम्मिलित करते हुए) वाटर सप्लाई एण्ड सीवरेज डिपार्टमेन्ट नगर पालिका परिषद्, मुजफ्फरनगर के नाम जारी करते हुए अपलोड की गयी एफ0डी0आर0 को मूलप्रति के रूप में तकनीकी बिड खोले जाने की नियत दिनांक से एक दिन पूर्व कार्यालय में उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। अन्यथा की स्थिति में निविदा स्वतः ही निरस्त मानी जायेगी। प्राप्त ई-निविदायें दिनांक 27/06/2025 को सायं 04:00 बजे अधिशासी अधिकारी महोदया के समक्ष खोली जायेंगी। निविदा तिथि को अवकाश होने की स्थिति में निविदायें अगले कार्य दिवस में खोली जायेंगी तथा यह भी उल्लेखित है कि किसी भी निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का समस्त अधिकार मा0 अध्यक्ष महोदया नगर पालिका परिषद्, मुजफ्फरनगर में निहित होगा। अधिक जानकारी के लिए ऊपर दी गयी वैबसाईट पर लॉगइन कर सकते है।

सहायक अभियन्ता (जल)

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद्, मुजफ्फरनगर।

अध्यक्ष

# अश्रुपूर्ण नेत्रों एवं नम आंखों से दी अभिनव स्वरूप बंसल को भावपूर्ण श्रद्धांजलि










**मुजफ्फरनगर, 20 जून (बु.)।** मुजफ्फरनगर के प्रतिष्ठित स्वरूप परिवार से जुड़े प्रमुख समाजसेवी व उद्योगपति शंकर स्वरूप बंसल के इकलौते पुत्र अभिनव स्वरूप बंसल के श्रद्धांजलि सभा में जिले भर से आम-ओ-खास ने पहुंचकर स्वरूप परिवार के दुःख में अपनी भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अभिनव स्वरूप बंसल को याद किया। बता दें, शिव मूर्ति संचालक मण्डल के अध्यक्ष एवं प्रमुख उद्यमी शंकर स्वरूप बंसल के इकलौते पुत्र अभिनव स्वरूप बंसल बीते मंगलवार में सहारनपुर स्थित मां शाकुम्भरी देवी के दर्शन को परिजनों के साथ गये थे, वहीं मंदिर परिसर में चक्कर आने के बाद सहारनपुर के निजी अस्पताल में उनका निधन हो गया था। अभिनव स्वरूप परिवार के इकलौते पुत्र थे, उनकी एक बेटी व बेटा है। शुक्रवार को पचेंडा रोड स्थित बैंकट हॉल में संपन्न श्रद्धांजलि सभा में योगी सरकार में आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल, मंत्री कपिल देव अग्रवाल, सपा सांसद हरेन्द्र मलिक, पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ. संजीव बालियान, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल, भाजपा जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी, मुजफ्फरनगर बुलेटिन के संपादक अंकुर दुआ, उद्यमी भीम कंसल, पूर्व विधायक अशोक कंसल, पूर्व जिलाध्यक्ष यशपाल पंवार, विजय शुक्ला, वरिष्ठ अधिवक्ता सुखदेव मित्तल, बिजेन्द्र मलिक, अशोक सरीन, डॉ. पंकज जैन, डॉ. आरबी सिंह, एसडी ग्रुप से जुड़े आकाश कुमार, अनुभव कुमार एड, ध्रुव कुमार, नवीन बिंदल, सरदार सुखदर्शन सिंह बेदी, स. अमरजीत सिंह सिडाना, विपुल भटनागर, पुष्पेंद्र अग्रवाल, सागर वत्स, राकेश शर्मा, पूर्व चेयरमैन डॉ. सुभाष शर्मा, डॉ. आशुतोष शर्मा, संजय अग्रवाल, भाजपा के मंडल अध्यक्ष प्रवीण खेड़ा, विनोद डाबर, कुलभूषण बजाज, सुरेन्द्र अग्रवाल, कुश पुरी, अशोक अग्रवाल, अभिनव अग्रवाल, नवनीत कुच्छल, विशाल गर्ग, कुलदीप गोयल, पराग गोयल, गौरव जैन, शरद गोयल बंटी, संजीव जैन, अभिषेक तायल, शिव चरण गर्ग, ललित अग्रवाल, मनोज कुमार, अवनीत, आशीष सरीन, तरंग कंसल, अशोक बाटला, श्रेय गोयल, प्रणव गोयल, अरुण गोयल, कमल कांत, दीपक मित्तल, पूर्व चेयरमैन अनिल तायल, कृष्ण गोपाल मित्तल, तरुण मित्तल, अतुल गोयल, पराग अग्रवाल, प्रवीण वर्मा, अंकित मित्तल, संदीप सिंह, सचिन गोयल, मयंक बंसल, अनिल तायल, अंचित मित्तल, अनिल गर्ग, दल सिंह वर्मा, दीप अग्रवाल, पीयूष अग्रवाल, ममता अग्रवाल, दीपक बंसल, प्रशांत गुप्ता, अमित गर्ग एड, संजय सक्सैना, सिद्धार्थ बंसल, प्रदीप मित्तल, अजय वर्मा, विनय गुप्ता, सतीश गर्ग, अखिलेश दत्त शर्मा, संदीप जैन, राहुल गोयल, विक्की अरोरा, मनीष रहेजा, सभासद राजीव शर्मा, मनोज वर्मा, योगेश मित्तल, देवेश कौशिक, प्रशांत चौधरी, पूर्व सभासद विकल्प जैन के अलावा स्वरूप परिवार से मुख्य रूप से शंकर स्वरूप बंसल, नीरज गोयल देहरादून वाले, गौरव स्वरूप, नगर पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप, सौरभ स्वरूप बंटी, आशुतोष स्वरूप, अजय स्वरूप, विकास स्वरूप बब्बल, केतन स्वरूप, करण स्वरूप, मयंक बिंदल, व्यापारी नेता संजय मित्तल, स्काउट गाइड के भारत भूषण अरोरा, बिजेन्द्र पाल, बोबी त्यागी इन्द्रलोक, समाजसेवी सत्यप्रकाश रेशू, महेश बंसल, राघव स्वरूप, माधव स्वरूप, समेत परिवार के अन्य तमाम सदस्य एवं रिश्तेदार मौजूद रहे।

## बारिश में घर की दीवार गिरी, दंपत्ति और दो बच्चों सहित चार की मौत

**देहरादून, 20 जून (वार्ता)।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी जनपद में शुक्रवार सुबह भारी बारिश के दौरान एक मकान की दीवार गिरने से वहां सो रहे एक दम्पत्ति और उनके दो छोटे बच्चों की दबने से मृत्यु हो गई। राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) कमांडेंट अर्पण यदुवंशी ने बताया कि उत्तरकाशी के थाना मोरी से ग्राम मोरा में एक मकान गिरने से कुछ लोगों के मलबे में दबने की सूचना मिली। इस पर एसडीआरएफ की पोस्ट मोरी से उप निरीक्षक दीपक कुनियाल के नेतृत्व में रेस्क्यू टीम घटना स्थल भेजी गई। उन्होंने बताया कि ग्राम मोरा मुख्य सड़क मार्ग से लगभग एक किलोमीटर ऊपर पैदल मार्ग पर स्थित है, वहां बचाव दल द्वारा घटनास्थल पर पहुंचकर तलाशी अभियान चलाया गया। जहां ज्ञात हुआ कि यह दुर्घटना रात्रि में हुई थी, जिसमें मकान की एक दीवार गिरने से घर में मौजूद एक ही परिवार के चार सदस्यों की मलबे में दबकर मृत्यु हो गई। उन्होंने बताया कि सभी शवों को बाहर निकाल लिया गया है। श्री यदुवंशी ने बताया कि इस घटना में गुलाम हुसैन (26) उसकी पत्नी रुकमा खातून (23), पुत्र आबिद (3) और पुत्री सलमा (10 माह) की मृत्यु हुई है।

## लैंटर डालने वाले मजदूरों की कार दुर्घटनाग्रस्त, दो की मौत

**बुलंदशहर, 20 जून (एजेंसी)।** बुलंदशहर स्थित स्याना मार्ग पर बालाजी मंदिर के पास अनियंत्रित कार सड़क किनारे पलट गई। गंभीर रूप से घायलों को सीएचसी लाया गया, जहां चिकित्सकों ने दो को मृत घोषित कर दिया। घटना में घायल तीन अन्य को हायर मेडिकल सेंटर रेफर किया गया है। एक अन्य मजदूर सामान्य है। शुक्रवार को दोपहर बीबीनगर-स्याना मार्ग पर तेज रफ्तार वेगन आर गाड़ी अनियंत्रित होकर खेत में पलट गई। राहगीरों ने थाना पुलिस को सूचना देते हुए बचाव कार्य शुरू किया। पुलिस ने हादसे में घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने ठेकेदार सोनू उर्फ योगेश (45) निवासी चासी थाना आहार व सौरभ (45) निवासी रामबझेड़ा खुर्द थाना पिलखुवा को मृत घोषित कर दिया। हादसे में संदीप व विजय निवासी चासी थाना आहार व अतुल निवासी राम बझेड़ा खुर्द थाना पिलखुवा को हायर मेडिकल सेंटर रेफर किया गया है। हादसे में मामूली रूप से घायल हरवीर सिंह निवासी राम बझेड़ा खुर्द को आवश्यक उपचार दे दिया गया। सीओ स्याना प्रखर पांडेय ने बताया कि हादसे में दो व्यक्तियों की मौत गई है जबकि घायलों को हायर मेडिकल भेजा गया है।

## सुप्रीम कोर्ट ने विवादित मंदिर तोड़ने पर लगायी रोक

**नयी दिल्ली, 20 जून (वार्ता)।** उच्चतम न्यायालय ने तमिलनाडु के मदुरै में विस्तारा रेजीडेंसी अपार्टमेंट परिसर में कथित तौर पर बिना अनुमति के बनाये गये मंदिर को तोड़ने पर शुक्रवार को रोक लगा दी और मदुरै निगम को नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति उज्जल भुयान और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने विस्तारा वेलफेयर एसोसिएशन की याचिका पर नोटिस जारी करते हुए यह अंतरिम आदेश पारित किया। एसोसिएशन की याचिका में मंदिर को गिराने का निर्देश देने वाले मद्रास उच्च न्यायालय के हाल के आदेश को चुनौती दी गई थी। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता दामा शेषाद्रि नायडू ने तर्क दिया कि उच्च न्यायालय ने संबंधित पक्षों को सुनवाई का अवसर दिए बिना या उनके जवाब दाखिल करने का अवसर दिए बिना ही मंदिर को गिराने का आदेश पारित कर दिया। शीर्ष अदालत ने अपने आदेश में कहा,''याचिकाकर्ता के वकील ने बयान दिया है कि न तो याचिकाकर्ता और न ही रिट याचिका में प्रतिवादियों को सुना गया। वास्तव में उन्हें दलीलें दाखिल करने का कोई अवसर नहीं दिया गया। इस बीच उच्च न्यायालय ने मंदिर को गिराने का निर्देश दिया है।'' अदालत ने शिकायत पर गौर करते हुए नोटिस जारी किया और जवाब के लिए आठ सप्ताह का समय दिया। पीठ ने निर्देश दिया,''इस बीच, मंदिर को गिराने पर रोक रहेगी।

## इटावा में सपा नेता समेत दो लोगों की हत्या में पांच को उम्रकैद

**इटावा, 20 जून (वार्ता)** उत्तर प्रदेश में इटावा जिले की एक अदालत ने बहुचर्चित सपा नेता समेत दो की हत्या के मामले में पांच लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनायी है। अभियोजन पक्ष के अनुसार पक्ष और विपक्ष की बहस के बाद दोषी पाए जाने पर पांच लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। जिले के बसरेहर इलाके के बसगबा गांव में 9 अक्टूबर 1994 को समाजवादी पार्टी के ब्लॉक अध्यक्ष/ प्रधान अशोक कुमार यादव और लायक सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी गई। हत्या के बाद हत्यारोपी सपा नेता अशोक कुमार यादव की लाइसेंसी रायफल भी लूट करके फरार हो गए थे। पुलिस का रिकॉर्ड यह भी बताता है कि हत्या करने वालों ने समाजवादी पार्टी के नेता अशोक यादव की राइफल लूटने के बाद उससे हवा में फायरिंग भी की थी। इस दोहरे हत्याकांड के मामले में रमेश चंद्र,सुनील कुमार, कुलदीप, शिवनाथ, सलेटी सिंह,मोहर सिंह और चन्द्रजीत सिंह को नामजद किया गया था। वर्ष 1994 में जब समाजवादी पार्टी के नेता समेत दो लोगों की हत्या की वारदात को अंजाम दिया गया था उस समय उत्तर प्रदेश में मुलायम सिंह यादव की अगुवाई में समाजवादी पार्टी की सरकार थी। इससे दोहरे हत्याकांड को लेकर के उस समय जमकर राजनीति भी हुई थी। अदालत में पक्ष और विपक्ष की बहस के दौरान गुरुवार को पांच हत्यारोपियों को दोषी करार दिया गया था । शुक्रवार को अपर जिला जज एंटी डकैती अशोक कुमार दुबे ने हत्यारोपी रमेशचंद्र, सुनील कुमार, कुलदीप, शिवनाथ ओर चन्द्रजीत को उम्रकैद की सजा सुनाई गई ओर 15000-15000 का अर्थदंड का जुर्माना भी लगाया गया। इस दोहरे हत्याकांड के दो आरोपियों सलेटी सिंह और मोहर सिंह की मौत बीमारी के चलते हो गई थी।

## हत्या में आजीवन करावास व 55 हजार रुपये का अर्थदण्ड

**मुजफ्फरनगर, 20 जून (बु.)।** रविन्द्र पुत्र छत्रपाल निवासी ग्राम फुगाना, मुजफ्फरनगर द्वारा थाना फुगाना पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि आरोपी आदित्य उर्फ भूरा पुत्र राजकुमार निवासी ग्राम व थाना फुगाना मुजफ्फरनगर द्वारा उनके तहेरे भाई की गोली मारकर हत्या करने की गयी है। तहरीर के आधार पर थाना फुगाना पर आरोपी के विरूद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया था। थाना फुगाना पुलिस द्वारा आरोपी आदित्य उर्फ भूरा उपरोक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया तथा साक्ष्य संकलन की कार्यवाही पूर्ण करते हुए विवेचना पूर्ण कर आरोपी आदित्य उर्फ भूरा के विरुद्ध 19 जनवरी 2022 को आरोप पत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुजफ्फरनगर संजय कुमार के निर्देशन में तथा क्षेत्राधिकारी फुगाना तथा थानाध्यक्ष फुगाना के नेतृत्व में थाना फुगाना स्तर से प्रभावी पैरवी की गयी व समस्त गवाहों को समय से न्यायालय के समक्ष उपस्थित कराया गया। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता एवं कोर्ट पेरोकार प्रदीप कुमार कुमार द्वारा प्रभावी पैरवी की गई, परिणामस्वरुप शुक्रवार को न्यायालय एडीजे/एफटीसी-03 मुजफ्फरनगर द्वारा अभियुक्त आदित्य उर्फ भूरा उपरोक्त को आजीवन कारावास तथा 55 हजार रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

# दुकानदारों से ठगी करने वाले गिरफ्तार




**मुजफ्फरनगर, 20 जून (बु.)।** शुक्रवार को पुलिस लाइन में प्रेसवार्ता कर एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया कि 25 मई को एक जनसेवा केन्द्र मालिक से अज्ञात व्यक्ति ने पेटीएम कम्पनी से होना बताकर 84 हजार रुपए की ठगी की थी। इस प्रकरण में रिपोर्ट दर्ज कर मन्सूरपुर पुलिस ने जांच शुरू की। गुरुवार को पुलिस ने साइबर ठग आलोक के रहने वाले सैनी मोहल्ला नागलोई दिल्ली, मोनू निवासी लक्ष्मी पार्क नागलोई थाना नागलोई दिल्ली,अमन वर्मा निवासी निहाल बिहार नागलोई दिल्ली को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि तीनो पेटीएम कम्पनी में नौकरी करते थे। उन्होंने योजना बनाई कि पेटीएम की केवाईसी करने के नाम पर उनकी डिटेल लेकर ठगी की जा सकती है। उसके बाद तीनों ने पेटीएम कम्पनी में नौकरी छोड दी। पेटीएम कम्पनी सभी दुकानदारों से 125 रुपए प्रतिमाह शुल्क लेती है। आरोपियों ने दुकानों पर पहुंचकर दुकान मालिकों को बताया कि वे पेटीएम कम्पनी से आए और केवाईसी के बाद उनका शुल्क 125 रुपए से एक रुपए हो जाएगा। उसके बाद आरोपी उनसे पेटीएम बाक्स का सिम व उनका मोबाइल का सिम जिस पर यूपीआई चालू रहती है को लेकर अपने फोन मे डालकर अपने फोन में एक एप्प डाउनलोड कर लेते हैं, जो दुकानदार के खाते से कनेक्ट हो जाता है। उसके बाद आरोपी जनसुविधा केन्द्र व पैट्रोल पम्प पर जाकर उसका खाते का नम्बर जानकर उस खाते में दुकानदार के खाते से उस एप्प के द्वारा रुपयों को ट्रांसफर कर देते हैं और जनसुविधा केन्द्र- पैट्रोल पम्प को लालच देकर उनसे नकद रुपये ले लेते हैं। यह गिरोह इस तरह कई दुकानदारों से ठगी कर चुके हैं। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों से 1.35 लाख रुपए, 8 मोबाइल, 30 फर्जी आधार व पैन कार्ड, 10 पेटीएम बाक्स सिम, 45 क्यूआर कोड पेटीएम व एक कार बरामद की है।

**आरोपियों के पास से 1.35 लाख रुपए, 8 मोबाइल, 30 फर्जी आधार व पैन कार्ड, 10 पेटीएम बाक्स सिम, 45 क्यूआर कोड पेटीएम व एक कार बरामद**



## पुरुलिया में दो वाहनों की भिड़ंत में नौ लोगों की मौत

**कोलकाता, 20 जून (वार्ता)।** झारखंड की सीमा से लगे पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जिले में शुक्रवार सुबह भारी भरकम सामान से लदे बड़े ट्रक और जीप की भिड़ंत में कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना पुरुलिया-जमशेदपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर नामसोल में आज तड़के हुई। ये सभी लोग विवाह समारोह में शामिल होने के बाद बोलेरो जीप से घर लौट रहे थे। सभी पीड़ति पड़ोसी राज्य झारखंड के निमड़ी क्षेत्र के निवासी थे। मृतकों की अभी पहचान नहीं हो पायी है। पुलिस ने बताया कि 18 पहियों वाले बड़े ट्रक और जीप की भिड़ंत के बाद ट्रक भी पलट गया। जीप में सवार सभी लोगों की मौत हो गयी है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# ओडिशा आना जरूरी था, इसलिए ट्रम्प को मना किया; प्रधानमंत्री मोदी ने बताया अमेरिका न जाने का कारण

**नई दिल्ली, 20 जून (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज ओडिशा के दौरे पर रहे। अपने दौरे के शुरूआत में उन्होंने राजधानी भुवनेश्वर में रोड शो किया। वहीं पीएम मोदी ने राज्य को करोड़ों की परियोजनाओं की सौगात दी है। इसमें पेयजल, सिंचाई, कृषि अवसंरचना, स्वास्थ्य अवसंरचना, ग्रामीण सड़कें और पुल, राष्ट्रीय राजमार्गों के खंड और एक नई रेलवे लाइन शामिल हैं। राष्ट्रीय रेलवे नेटवर्क के साथ बौध के एकीकरण के ऐतिहासिक क्षण पर पीएम मोदी ने पहली बार जिले में रेल संपर्क बढ़ाने वाली नई ट्रेन सेवाओं को हरी झंडी भी दिखाई।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भुवनेश्वर में आयोजित जनसभा में पहुंचे पर लोगों का अभिवादन किया। इस दौरान ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी भी मौजूद रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भुवनेश्वर में आयोजित जनसभा में शामिल हुए। प्रधानमंत्री मोदी ने भुवनेश्वर में राजधानी क्षेत्र शहरी परिवहन (सीआरयूटी) प्रणाली के अंतर्गत 100 इलेक्ट्रिक बसों को हरी झंडी दिखाई। वहीं जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा, 'आज 20 जून का दिन बहुत विशेष है। आज ओडिशा में पहली भाजपा सरकार ने सफलतापूर्वक एक वर्ष पूरा किया है। यह वर्षगांठ सिर्फ सरकार की नहीं है; यह सुशासन की स्थापना की वर्षगांठ है। यह एक वर्ष जनसेवा और जनविश्वास को समर्पित है। मैं ओडिशा के लोगों को हृदय से बहुत-बहुत बधाई देता हूं। मैं मुख्यमंत्री मोहन माझी और उनकी पूरी टीम को भी बधाई देता हूं।' इस दौरान पीएम मोदी ने कहा- ओडिशा सिर्फ एक राज्य नहीं है, यह भारत की समृद्ध विरासत का एक चमकता सितारा है। सदियों से ओडिशा ने भारतीय सभ्यता और संस्कृति को समृद्ध किया है। यही कारण है कि आज जब 'विकास और विरासत' का मंत्र भारत की प्रगति का आधार बन रहा है, तो ओडिशा की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो गई है। पिछले एक साल में ओडिशा ने विकास और विरासत दोनों के इस मंत्र को सही मायने में अपनाया है और उसे अपनाया है।

# दृष्टि बाधित बच्चों ने सुरों में पिरोया बर्थडे गीत, छलक पड़ीं राष्ट्रपति की आंखें



**देहरादून, 20 जून (एजेंसी)।** देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अपने तीन दिन के दौरे पर उत्तराखंड आई हैं। शुक्रवार को उनके जन्मदिन के मौके पर देहरादून में हुए एक खास समारोह में दृष्टिबाधित बच्चों के मुंह से गीत से रूप में बर्थडे विश सुनकर उनके आंसू निकल पड़े। उनके साथ मंच पर अन्य लोग भी भावुक हुए। लगातार बहते हुए आंसुओं को किसी तरह संभाल कर उन्होंने बच्चों की तारीफ करते हुए कहा कि वो गले से नहीं दिल से गा रहे थे। दरअसल शुक्रवार को राष्ट्रपति का जन्मदिन और उनके देहरादून में होने के संयोग को खास बनाने के लिए राष्ट्रीय दृष्टि दिव्यांगजन सशक्तिकरण संस्थान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। मंच पर सीएम पुष्कर सिंह धामी, केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र कुमार और राज्यपाल गुरमीत सिंह भी मौजूद थे। स्वागत संबोधन व स्मृति चिन्ह देने की औपचारिकता पूरी होने के बाद मंच संचालक ने संस्थान के बच्चों से अपनी प्रस्तुति देने का आग्रह किया। बच्चों ने वाद्य यंत्रों से सुर लय मिलाते हुए प्रस्तुति की शुरूआत में पहले फिल्म ह्यतारे जमीं पर का गीत मोहक तरीके से प्रस्तुत किया। इसके बाद बारी आई राष्ट्रपति को जन्मदिन की शुभकामना देने की। यहां बच्चों ने फिल्म दुनिया का अमर गीत बार बार ये दिन आये, बार बार ये दिल गाये, तुम जियो हजारों साल, ये है मेरी आरजू, हैप्पी बर्थडे टू यू गाना शुरू किया। सधे हुए सुरों में संगीत का साथ पाकर गीत के बोल राष्ट्रपति को भावुक करते गए। सामने दृष्टिबाधित बच्चों का गीत में भरा प्रेम देखकर उनकी आंखें छलक पड़ीं। उन्हें असहज होते देख अन्य अतिथि भी भावुक हुए। इसी दौरान पीछे बैठे उनके सुरक्षा अधिकारी ने माहौल भांपा और उन्हें रुमाल उठाकर दिया। बच्चे उनके आंसू नहीं देख पा रहे थे, लेकिन राष्ट्रपति उनके प्रेम को महसूस कर रहीं थीं। इसके बाद राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में कहा कि वह इन बच्चों की प्रतिभा को देखकर बेहद प्रभावित हैं। हम जिस तरह से दिव्यांगजनों के लिए काम कर रहे हैं। इसका जीता जागता उदाहरण देहरादून में देखने के लिए मिलता है। मैं अपने जन्मदिन पर यहां आकर बेहद खुश हूं, जब मैं बच्चों को गाते हुए देख रही थी, तो मेरे आंखों से आंसू नहीं रुक रहे थे। यह बच्चे गले से नहीं हृदय से गा रहे थे। मुझे लगता है कि मां सरस्वती उनके गले में बैठी है।

## 'इजरायल पर दबाव बनाएं', ईरान की भारत से गुजारिश; कहा- आप शांति के पक्षधर



**नई दिल्ली, 20 जून (बु.)।** इजरायल और ईरान के बीच जारी संघर्ष का आज आठवां दिन है। दोनों देश एक दूसरे पर लगातार हमलावर हैं। इस बीच ईरान ने भारत से बड़ी उम्मीद जताई है। दरअसल, भारत में ईरान के उप राजदूत मोहम्मद जवाद हुसैनी ने शुक्रवार को कहा कि भारत जैसे देश जो वैश्विक दक्षिण की आवाज हैं और शांति चाहते हैं, उनको इजरायल पर दबाव बनाना चाहिए। इस समय ईरान और इजरायल के बीच संघर्ष जारी है। हाल के दिनों में ईरान ने इजरायल पर बैलिस्टिक मिसाइल से हमला किया। अब इजरायल भी ईरान पर पलटवार कर रहा है। इस बीच ईरान के उप राजदूत ने इस संघर्ष पर विराम लगाने की वकालत की है। इसके लिए उन्होंने भारत से उम्मीद जताई है। शीर्ष राजनयिक ने कहा कि भारत को इस कार्रवाई की निंदा करनी चाहिए। समाचार एजेंसी पीटीआई के अनुसार, इजराइल-ईरान संघर्ष पर भारत में ईरान के उप राजदूत मोहम्मद जावेद हुसैनी ने कहा कि हमारा मानना है कि इन आक्रामकताओं को जल्द से जल्द रोका जाना चाहिए और यह संयुक्त अंतरराष्ट्रीय प्रयासों के माध्यम से किया जा सकता है। भारत जैसे देश, जो दक्षिण की आवाज हैं और शांति के पक्षधर हैं, उन्हें समन्वय करना चाहिए और इजराइल पर दबाव डालना चाहिए। सबसे पहले उन्हें इस कार्रवाई की निंदा करनी चाहिए ताकि भविष्य में ऐसा न हो।

## पीएम मोदी ने बताया क्यों ठुकराया ट्रंप का निमंत्रण



**नई दिल्ली, 20 जून (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस दौरान अपनी विदेश यात्रा का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि अभी दो दिन पहले, मैं जी-7 शिखर सम्मेलन के लिए कनाडा में था। मेरी यात्रा के दौरान, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मुझे फोन किया। उन्होंने कहा, 'चूंकि आप पहले से ही कनाडा में हैं, तो वाशिंगटन क्यों नहीं आते? चलिए खाना खाते हैं और बात करते हैं।' उन्होंने गर्मजोशी से निमंत्रण दिया। मैंने संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति से सम्मानपूर्वक कहा कि 'आपके निमंत्रण के लिए धन्यवाद, लेकिन मेरे लिए महाप्रभु की पवित्र भूमि पर जाना आवश्यक है' और इसलिए, मैंने विनम्रतापूर्वक उनके प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया, क्योंकि महाप्रभु के प्रति आपका प्रेम और भक्ति मुझे इस पवित्र भूमि पर खींच लाई।

# फिरोजाबाद में लूट का आरोपी पुलिस मुठभेड़ में ढेर



फिरोजाबाद 20 जून (वार्ता) उत्तर प्रदेश में फिरोजाबाद जिले के शिकोहाबाद क्षेत्र में शुक्रवार भोर पुलिस ने एक सशस्त्र मुठभेड़ के बाद हत्या और लूट के आरोपी को मार गिराया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि पुलिस को आज तड़केहत्या लूट के वांछित अपराधी राजू खान के क्षेत्र में होने की सूचना मुखबिर से मिली थी जिस पर थाना पुलिस एसओजी और सर्विस लॉन्स टीम ने सीओ प्रवीन तिवारी और पुलिस अधीक्षक ग्रामीण त्रिगुण विसेन के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए बदमाश की घेराबंदी की और नोवा फैक्ट्री के पास बदमाश को आत्म समर्पण के लिए कहा गया मगर बदमाश ने पुलिस टीम पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी गई। पुलिस टीम द्वारा आत्म रक्षार्थ जवाबी कार्रवाई कर फायरिंग की गई जिसमें बदमाश घायल हो गया। पुलिस ने घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। उपचार के दौरान मौत हो गई है। राजू खान मूल रूप से रामगढ़ के रैपुरा का निवासी है जो हाल में शाहगंज आगरा में रह रहा था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित ने संबंधित मामले मे राजू खान की उपचार के दौरान मौत की पुष्टि करते हुए बताया कि बदमाश राजू खान पर पांच मार्च को शिकोहाबाद के बंसी नगर में मुन्ना लाल यादव और उनकी पत्नी मिथलेश यादव की हत्या कर लूट का आरोप है। इसके अलावा 15 जून को गांव मलखानपुर में एक वृद्ध महिला श्रीमती सूरजमुखी की घर के वाहर सोते समय लूटपाट कर हत्या का प्रयासकर गम्भीर रूप से घायल किया गया। राजू वृद्ध लोगों को अपना शिकार बनाता था जो हाल में आगरा रह रहा था। आगरा से आकर वारदात को अंजाम देता था। दो सौ सीसीटीवी फुटेज केमरों की निगरानी के बाद उसे चिन्हित किया गया। राजू खान की गिरफ्तारी के लिए उप महा निरीक्षक आगरा परीक्षित द्वारा 50 हजार का तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने 25 हजार का ईनाम घोषित किया था। बदमाश राजू खान के उपर कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं जिसके पास से अवैध पिस्तौल भारी मात्रा में जिंदा कारतूस और खाली खोखा भी बरामद किए गए हैं।

## मेरठ में अब नहीं चलेगी देर रात की दुकानदारी! पुलिस बोली-11 बजे के बाद सन्नाटा होना चाहिए, चाय वालों को छूट

**मेरठ, 20 जून (एजेंसी)।** मेरठ में अब यदि आप रात 11 बजे के बाद फास्ट फूड या पान की दुकान खोजने निकलें तो आपको निराशा हाथ लग सकती है। गुरुवार से मेरठ पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए शहर की सभी दुकानों को रात 11 बजे के बाद बंद कराने का आदेश लागू कर दिया है। एसएसपी डॉ. विपिन ताडा के निर्देश पर पुलिस टीमों ने शहर के मुख्य मार्गों, गली-मौहल्लों और चौराहों पर घूमकर उन दुकानों को बंद कराया जो देर रात तक खुली थीं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि देर रात तक खुली दुकानें अक्सर असामाजिक तत्वों और आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों का अड्डा बन जाती हैं। युवकों की भीड़, बाइकर्स की टोली और अवांछित गतिविधियां शहर में शांति और सुरक्षा के लिए खतरा बन रही थीं। अब सिर्फ रोडवेज बस अड्डा और रेलवे स्टेशन पर स्थित चाय व भोजन की दुकानें ही देर रात तक खुली रह सकेंगी। बाकी सभी दुकानें रात 11 बजे तक बंद करनी होंगी। पुलिस ने यह भी स्पष्ट किया है कि नियम तोड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## तार से चिपके पिता को बचाने भागी बेटी... फिर मां को लगा करंट, दो की मौत; तीसरे की हालत नाजुक

**गोंडा, 20 जून (एजेंसी)।** यूपी के गोंडा में गुरुवार की रात पिता को बचाने भागी बेटी को भी करंट लग गया। दोनों की चीख सुनकर उन्हें बचाने भागी पत्नी को भी करंट लग गया। पिता व बेटी की मौत हो गई, जबकि पत्नी की हालत नाजुक बनी हुई है। घटना से घरवालों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना नगर कोतवाली इलाके के खैरा गांव के खैरी की है। करंट लगने से गांव निवासी लक्ष्मीदत्त (55) और उसकी बेटी डाली (22) की मौत हो गई, जबकि, पत्नी नीलम (52) बुरी तरह झुलस गई। उसे ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। घटना रात करीब 9.30 बजे की है। बेटे प्रदीप कुमार ने बताया कि पिता लक्ष्मीदत्त राजगीर का काम करते थे। काम से लौटने के बाद रात में नहाया था। नहाने के बाद लक्ष्मीदत्त तार में कपड़ा फैला रहे थे। उसमें करंट आ रहा था। बहन डाली ने पिता को करंट लगता देखा, तो उन्हें बचाने भागी। इससे वह भी चिपक गई। मां नीलम ने चीख पुकार सुनी, तो दोनों को बचाने भागी। इससे उसे भी करंट लग गया। तीनों झुलसकर वहीं गिर गए, तब तक लोगों की भीड़ लग गई। तीनों को आनन फानन मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने लक्ष्मीदत्त व डाली को मृत घोषित कर दिया, जबकि, नीलम की हालत गंभीर देख ट्रॉमा सेंटर के लिए रेफर कर दिया। वहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। कोतवाल विवेक त्रिवेदी ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है। बताया गया कि लक्ष्मीदत्त के परिवार में चार बेटियां व दो बेटे हैं। छोटा बेटा संदीप भारतीय सेना में है। जबकि, दूसरे नंबर की बेटी डाली की दो साल पहले देहात कोतवाली के उकेरा गांव में अजीत से शादी हुई थी। वह पांच महीने की गर्भवती थी। बड़ा बेटा प्रदीप एक चिकित्सक के साथ रहता है। बड़ी बेटी नैंसी शादीशुदा है। दो बेटियां रूबी व शुभी अभी छोटी हैं। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।